कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 315, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 11 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

सुखविंदर सुक्खू बनेंगे सीएम, प्रतिभा गुट से मुकेश अग्निहोत्री होंगे डिप्टी सीएम, आज शपथ ग्रहण

हिमाचल: 'सुक्खू' के सिर सजा ताज

शिमला: हिमाचल प्रदेश में लंबी उठापटक के बाद मुख्यमंत्री का नाम तय हो गया। सुखविंदर सिंह सुक्खू राज्य के नए सीएम होंगे। कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उनके नाम का ऐलान कर दिया गया है। उनके साथ प्रतिभा सिंह के खेमे से मुकेश अग्निहोत्री को डिप्टी सीएम बनाया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, सुक्खू का विरोध कर रहीं प्रतिभा सिंह इस ऐलान के बाद अपने समर्थक विधायकों के साथ विधानसभा के लिए रवाना हो गई। हिमाचल में 8 दिसंबर को चुनाव नतीजे आने के बाद से ही सीएम को लेकर घमासान जारी था। 40 सीटें जीतकर बहुमत हासिल करने वाली कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह भी की सीएम दावेदारी कर रही थीं। हालांकि, विधायकों से रायशुमारी के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खू इस दौड़ में आगे निकल गए थे। कांग्रेस हाईकमान ने भी उनके नाम पर मुहर लगा दी थी। प्रतिभा सिंह गुट ने ऑब्जर्वर्स के होटल के बाहर प्रतिभा सिंह गुट के लोगों ने 'सुक्खू-वुक्खू नहीं चलेगा' और 'हाईकमान होश में आओ' के नारे लगाए। हिमाचल में सीएम चेहरे की घोषणा से पहले विधानसभा में कांग्रेस संसदीय दल की मीटिंग हुई। जिसमें हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला, ऑब्जर्वर भूपेश बघेल और भूपेंद्र हुड्डा व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मौजूद रहे।

सांसद होने के चलते कमजोर पड़ी प्रतिभा की दावेदारी

वहीं प्रतिभा सिंह के सांसद होने की वजह से दावेदारी कमजोर पड़ी है। वह मंडी सीट से सांसद हैं। हाल ही विधानसभा चुनाव में मंडी जिले की 10 में से कांग्रेस सिर्फ 1 ही सीट जीत सकी। ऐसे में कांग्रेस यहां उपचुनाव का रिस्क नहीं लेना चाहती। वहीं प्रतिभा को सीएम बनाने पर विधायक का चुनाव लड़ना होगा। ऐसे में कांग्रेस 2 उपचुनाव करवाने के मूड़ में नहीं है। इससे पहले सुखविंदर सुक्खू का नाम चर्चा में आते ही कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह मुकेश अग्निहोत्री, विक्रमादित्य सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर, हर्षवर्धन चौहान, रोहित ठाकुर, सुदर्शन सिंह बबलू समेत एक दर्जन से ज्यादा विधायक लेकर होटल पहुंच गई। यहां उनकी मुलाकात ऑब्जर्वर से हुई। वहीं हिमाचल सीएम के चयन को लेकर प्रियंका गांधी भी पूरी तरह से सक्रिय रही। उन्होंने सभी दावेदारों का बायोडाटा पहले ही मांग रखा था।

कांग्रेस में सीएम पद के थे 6 दावेदार: विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने वाली कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह, नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री, चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू सीएम पद के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे थे।

मगर, इन तीनों के नामों पर सहमति बनने की शुरू से ही उम्मीद नहीं थी। प्रतिभा सिंह, सुखविंदर सिंह सुक्खू और मुकेश अग्निहोत्री के अलावा प्रदेश की पॉलिटिक्स में सबसे अनुभवी कहे जाने वाले ज्वाली के विधायक चंद्र कुमार, सबसे उम्रदराज सोलन के विधायक धनीराम शांडिल ओर शिलाई के एमएलए हर्षवर्धन चौहान का नाम भी एकबारगी चर्चा में आया। यह तीनों ही प्रदेश की राजनीति में बेदाग छवि के नेता रहे हैं।

प्रतिभा सिंह ने मुकेश का नाम आगे बढ़ाया था

दोपहर तक तो सीएम चुनने की प्रोसेस वैसी ही चल रही थी, जैसी उम्मीद थी। असल पेंच इसके बाद फंसा, जब प्रतिभा सिंह ने सुक्खू के नाम से असहमति जता दी।

वे अपने खेमे से मुकेश अग्निहोत्री को मुख्यमंत्री बनाने पर अड़ गईं। सुक्खू का नाम आगे बढ़ने पर प्रतिभा सिंह गुट के लोगों ने सड़क पर धरना दिया और हाईकमान के खिलाफ नारेबाजी की।

भूपेंद्र पटेल दूसरी बार बनेंगे गुजरात के सीएम

अहमदाबाद

गुजरात के सीएम पद के लिए एक बार फिर से भूपेंद्र पटेल को चुना गया है। शनिवार को गांधीनगर स्थित कमलम ऑफिस में विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से उनके नाम पर मुहर लग गई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में विधायक की दल की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बतौर निरीक्षक शामिल हुए थे।

सोमवार को होगी सीएम पद की शपथ: शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ राज्य में नई सरकार के गठन से पहले औपचारिक इस्तीफा दिया था।

मैंडूस तूफान ने तमिलनाडु में मचाई तबाही

चेन्नई: तमिलनाडु में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन मैंडूस अब दक्षिण आंध्र प्रदेश की तरफ बढ़ गया है। राज्य से जाते-जाते मैंडूस ने भारी तबाही मचाई। कई जिलों में तेज आंधी की वजह से सैकड़ों पेड़ जड़ से उखड़ गए। चेन्नई के टी नगर इलाके में मोटी दीवार गिरने से 3 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। भारी बारिश से कई जिलों में सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। कुछ हिस्सों अभी भी बारिश जारी है। हालांकि, शुक्रवार देर रात साइक्लोन मामल्लापुरम तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ गया।

'पोस्को एक्ट के तहत कंसेंट की उम्र पर चर्चा जरूरी'

नई दिल्ली: चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका को पोस्को एक्ट के तहत कंसेंट की उम्र कम करने को लेकर चल रही बहस पर ध्यान देना चाहिए। नई दिल्ली में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेन्सेस (पोस्को) एक्ट पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में शनिवार को उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सब जानते हैं कि पोस्को एक्ट 18 साल से कम उम्र वालों के बीच सेक्शुअल एक्ट को आपराधिक मानता है, ये देखे बिना कि नाबालिगों के बीच सहमति थी या नहीं, क्योंकि कानून के मुताबिक 18 से कम उम्र वालों के बीच सहमति नहीं होती है।

इस मुद्दे पर न्यायपालिका को ध्यान देने की जरूरत- सीजेआई: सीजेआई ने कहा, जज रहते हुए मैंने देखा है इस कैटेगरी के केस जजों के सामने बड़े सवाल खड़े करते हैं। इस मुद्दे को लेकर एक चिंता का माहौल बनता जा रहा है, जिस पर न्यायपालिका को ध्यान देने की जरूरत है। इसमें युवा हेल्थकेयर सेक्टर के एक्सपर्ट्स की तरफ से की गई भरोसेमंद रिसर्च को आधार बनाना चाहिए।

चाइल्ड अब्यूज रिपोर्ट कराने आगे आएं परिवार: सीजेआई ने कहा कि बच्चों का सेक्शुअल अब्यूज हमारे समाज की एक बड़ी और छिपी हुई समस्या है क्योंकि इसके बारे में लोग चुप्पी साध लेते हैं। इसीलिए सरकारों और न्याय व्यवस्था का यह फर्ज बनता है कि परिवारों को ऐसे मामलों को रिपोर्ट करने का हौसला दें, चाहे आरोपी परिवार का कोई सदस्य क्यों न हो।

श्रीनगर का यूनेस्को हेरिटेज टैग खतरे में

श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर का यूनेस्को हेरिटेज टैग खतरे में पड़ गया है। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज के सर्वे में पाया गया कि बीते दो दशक में करीब 42 ऐतिहासिक स्थल नष्ट हो गए हैं। साल 2003 में श्रीनगर में कुल 349 ऐतिहासिक स्थल थे, जो 2022 में घटकर 307 हो गए हैं। अध्यक्ष मुहम्मद सलीम बेग ने बताया कि दो दशक में 12% स्थल नष्ट कर दिए गए, जबकि 6% पड़े-पड़े खंडहर हो गए हैं। हाल ही में हमने स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए फिर से एक सर्वे किया था। हमने पाया कि 2003 की सूची के अनुसार 51% स्थल जर्जर हो रहे हैं।

पुराने हवेलियों इमारतों को तोड़कर घर बनाए जा रहे: सलीम के मुताबिक कई सारी पुरानी हवेलियों और इमारतों का मालिकाना हक उनसे जुड़े परिवारों के पास ही है। लिहाजा, वे उन्हें तोड़कर नए मकान बना रहे हैं। झेलम नदी के किनारे बने एक पुरानी इमारत के मालिक ने कहा कि मुझे अपना घर इसलिए तुड़वाना पड़ रहा है, क्योंकि मेरे परिवार को आधुनिक सुविधाएं चाहिए।

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए काटे जाएंगे 22,000 मैंग्रोव पेड़

बॉम्बे हाई कोर्ट ने इजाजत दी, पांच गुना पेड़ लगाने भी होंगे

मुंबई: पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट बुलेट ट्रेन की एक अड़चन दूर हो गई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 21,997 मैंग्रोव पेड़ों को शर्त के साथ काटने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि पर्यावरण में इस नुकसान की भरपाई के लिए पांच गुना पेड़ लगाने होंगे। कोर्ट ने जिन पेड़ों को काटने की अनुमति दी है, वे ठाणे और पालघर जिले में हैं। बुलेट ट्रेन का ट्रैक बना रही नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इन पेड़ों को काटने के लिए हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की थी। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस अभय आहूजा की बेंच कर रही थी।

कोर्ट ने कहा था- कटने वाले पेड़ों की संख्या कम करिए: कोर्ट ने कहा कि कंपनी को मैंग्रोव पेड़ों की कटाई करते समय केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण की शर्तों का पालन करना होगा। इससे पहले कोर्ट ने ठल्लरफ्ळछ को काटे जाने वाले मैंग्रोव पेड़ों की संख्या कम करने का आदेश दिया था। इस पर ठल्लरफ्ळछ की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को बताया कि पहले 53 हजार से ज्यादा पेड़ काटे जाने थे, अब उनकी संख्या कम करके 21,997 कर दी गई है। बॉम्बे एन्वायर्नमेंटल एक्शन ग्रुप नाम के एक एनजीओ ने याचिका का विरोध किया था।

पंजाब में पुलिस थाने पर रॉकेट लॉन्चर से हमला

अमृतसर: पंजाब के तरनतारन के सरहाली पुलिस स्टेशन को शुक्रवार की देर रात एक बजे रॉकेट लॉन्चर से हमला किया गया। हमले के बाद डीजीपी गौरव यादव ने सरहाली पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि थाने पर दागा रॉकेट मिलिट्री हथियार था। जिसे बॉर्डर पार से लाया गया था। उन्होंने कहा कि इस मामले में वअढ के तहत केस दर्ज किया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं इस बीच उनसे खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के जिम्मेवारी लेने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कुछ भी नहीं कहा।

खालिस्तान समर्थक आतंकियों का कनेक्शन: इस अटैक के पीछे खालिस्तान समर्थक आतंकियों का कनेक्शन सामने आया है। इसकी जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने ली है। जहां यह हमला हुआ है वहां गैंगस्टर हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा का पैतृक घर है। हालांकि पिछले दिनों रिंदा की पाकिस्तान में मौत की सूचना सामने आई थी। बताया जा रहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई रिंदा के टेरर को कायम रखना चाहती है।

न्याय के पर्यावरणीय आयाम पर विचार करने की जरूरत : राष्ट्रपति मुर्मू

नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले कुछ सालों में दुनियाभर में आई प्राकृतिक आपदाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। उन्होंने आगाह किया कि गरीब देशों के लोगों को पर्यावरण के क्षरण की भारी कीमत चुकानी होगी। ऐसे में हमें अब न्याय के पर्यावरणीय आयाम पर विचार करना चाहिए। राष्ट्रपति ने शनिवार को विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित 74वें मानवाधिकार दिवस समारोह में भाग लिया और उसे संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह संपूर्ण मानव जाति के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि 1948 में इसी दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (एचडीएचआर) को अपनाया था। उन्होंने कहा कि यूडीएचआर के पाठ का 500 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया गया है, जो इसे इतिहास में सबसे अधिक अनुवादित दस्तावेज बनाता है। उन्होंने कहा कि अभी भी, जब हम दुनिया के कई हिस्सों में हो रहे दुखद घटनाक्रमों पर विचार करते हैं, तो हमें आश्चर्य होता है कि क्या घोषणा को उन भाषाओं में पढ़ा गया है। तथ्य यह है कि मानवाधिकार दुनिया भर में प्रगति पर काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में, हम इस तथ्य से सांत्वना प्राप्त कर सकते हैं कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग उनके बारे में जागरूकता फैलाने के सर्वोत्तम संभव प्रयास कर रहा है। अब अपने 30वें वर्ष में, एनएचआरसी ने मानवाधिकारों की रक्षा के साथ-साथ उन्हें बढ़ावा देने का सराहनीय काम किया है। यह मानव अधिकारों के लिए विभिन्न वैश्विक मंचों में भी भाग लेता है। भारत को इस बात का गर्व है कि उसके काम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि संवेदनशीलता और सहानुभूति विकसित करना मानव अधिकारों को बढ़ावा देने की कुंजी है। यह अनिवार्य रूप से कल्पना शक्ति का अभ्यास है। यदि हम उन लोगों के स्थान पर स्वयं की कल्पना कर सकते हैं जिन्हें मानव से कम समझा जाता है, तो यह हमारी आंखें खोल देगा और हमें आवश्यक कार्य करने के लिए बाध्य करेगा। एक तथाकथित ह्यसुनहरा नियमह्न है, जो कहता है, ह्यदूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करो जैसा तुम चाहते हो कि वे तुम्हारे साथ व्यवहार करेंह्न। यह मानवाधिकार प्रवचन को खूबसूरती से प्रस्तुत करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज से यूडीएचआर के 75 साल पूरे होने के साल भर चलने वाले विश्वव्यापी समारोह की शुरूआत हो गई है। और संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2022 की थीम के रूप में 'डिग्निटी, फ्रीडम एंड जस्टिस फॉर ऑल' को चुना है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, दुनिया असामान्य मौसम पैटर्न के कारण बड़ी संख्या में प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित हुई है। जलवायु परिवर्तन दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। गरीब देशों के लोग हमारे पर्यावरण के क्षरण की भारी कीमत चुकाने जा रहे हैं। हमें अब न्याय के पर्यावरणीय आयाम पर विचार करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती इतनी बड़ी है कि यह हमें अधिकारों को फिर से परिभाषित करने के लिए मजबूर करती है।

पांच साल पहले, उत्तराखंड के उच्च न्यायालय ने कहा था कि गंगा और यमुना नदियों के पास मनुष्य के समान कानूनी अधिकार हैं। भारत अनगिनत पवित्र झीलों, नदियों और पहाड़ों के साथ पवित्र भूगोल की भूमि है। इन परिदृश्यों में, वनस्पति और जीव समृद्ध जैव विविधता जोड़ते हैं। पुराने समय में, हमारे संतों ने उन सभी को हमारे साथ-साथ एक सार्वभौमिक संपूर्ण के हिस्से के रूप में देखा। इसलिए, जिस तरह मानवाधिकारों की अवधारणा हमें हर इंसान को अपने से अलग नहीं मानने के लिए प्रेरित करती है, उसी तरह हमें पूरे जीव जगत और उसके निवास स्थान का आदर करना चाहिए।

चुनाव से 14 महीने पहले सीएम बदला, सभी 22 मंत्री हटाए; फिर जीत का रिकॉर्ड बनाया

गुजरात सक्सेस फॉर्मूला दूसरे राज्यों में दोहरा सकती है

नई दिल्ली: गुजरात में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ 14 महीने पहले सूबे की सरकार में महाबदलाव का साहसिक फैसला फिर चर्चा में है। पार्टी ने सितंबर 2021 में मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के साथ सभी 22 मंत्रियों को भी हटा दिया था। देश में किसी भी पार्टी ने चुनाव से एक साल पहले अपनी सरकार की ऐसी सफाई कभी नहीं की थी। मुख्यमंत्री के तौर पर भूपेंद्र पटेल ने जब शपथ ली, तो रूपाणी सरकार का एक भी मंत्री या दिग्गज नेता नए मंत्रिमंडल में नहीं था। 27 साल से सत्ता में काबिज भाजपा ने एंटी इनकम्बेंसी की काट के लिए सरकार में सभी चेहरे नए कर दिए थे। इनके साथ न तो कोई विवाद चस्पा था, न कोई चर्चित अतीत। यही नहीं, इस बार टिकट वितरण में 182 में भी 103 नए चेहरों को टिकट दिया गया। पांच मंत्रियों और कई दिग्गजों समेत 38 सिटिंग एमएलए के टिकट काट दिए गए।

गुजरात में 60 साल के इतिहास की सबसे बड़ी जीत: गुजरात के चुनाव परिणाम में आमूलचूल बदलाव का कदम जीत के सुपर सक्सेस फॉर्मूले के रूप में स्थापित हो गया है। इससे भाजपा ने गुजरात के 60 साल के इतिहास में किसी भी पार्टी के सबसे ज्यादा सीटें जीतने का रिकॉर्ड और किसी भी राज्य में 86 प्रतिशत सीटें हासिल करने का कीर्तिमान भी अपने नाम कर लिया है। बात अब गुजरात से बाहर निकल रही है। बदलाव के समय गुजरात के प्रभारी भूपेंद्र यादव ने कहा था कि इस फॉर्मूले को दूसरे राज्यों में भी लागू किया जा सकता है। अब चर्चा इसी बात पर हो रही है कि क्या यह फॉर्मूला मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कहां और किस रूप में लागू होगा।

पाकिस्तान के आतंकियों की नई स्ट्रैटेजी

ड्रोन से पंजाब में गिराते हैं ड्रग्स-हथियार, सड़क के रास्ते कश्मीर भेज रहे टेररिस्ट

नई दिल्ली: जम्मू-कश्मीर में ड्रग्स, हथियार और गोला-बारूद अब पंजाब और हिमाचल प्रदेश के सड़क मार्ग से भेजा जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों को हाल में ऐसे सबूत मिले हैं। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान के आतंकियों ने रणनीति बदल दी है। खुफिया एजेंसियों ने पिछले महीने इस रूट पर अलर्ट जारी किया था। संदेह है कि ड्रोन के जरिए सीमा में प्रवेश करने वाली ऐसी खेप को पंजाब के रास्ते कश्मीर ले जाया जा रहा है।

नवंबर में ड्रग्स के साथ टीचर गिरफ्तार: पिछले महीने पंजाब पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ से एक शिक्षक को 5 किग्रा ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। एक अन्य घटना में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ड्रग्स पकड़ी थी, जो पंजाब से जम्मू-कश्मीर पहुंचाई गई थी। इसमें एक महिला को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही जम्मू पुलिस ने पंजाब से लाई गई ।

बहन को स्कूल छोड़ने जा रहे युवक की मांझे से कटी गर्दन

अखंड भारत संदेश

झूंसी। बहन को स्कूल छोड़ने जा रहा एक युवक मांझे की चपेट में आने से घायल हो गया। गनीमत रही की युवक गले तक जैकेट पहना था। मंझा जैकेट काट युवक के गले पर घाव कर दिया। युवक की गर्दन में मांझा फसा देख मौके पर जुटे लोग का कहना था कि रोक के बाद भी क्षेत्र में धड़ल्ले से चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है।

सरायतकी झूंसी निवासी अंकित मिश्रा प्रतिदिन की तरह अपने बहन को स्कूल छोड़ने जा रहा था। छतनाग रोड पर अचानक अंकित के गले में चाइनीज मांझा फस गया जब तक कुछ समझ पाते तब तक पहने हुए जैकेट को काटते हुए गले को भी काट दिया। गनीमत यह रही कि गले के ऊपर पहले से जैकेट पहने हुए था। जिससे वह बच गया। मगर इस तरह की घटनाएं आए दिन हो रही है। जिसको लेकर रोड पर चलना काफी खतरे से भरा हो गया है। इसके बावजूद भी क्षेत्र में लोग चाइनीज मंझा बेच रहे हैं जिन पर प्रशासनिक तरीके से कोई रोक-टोक नहीं दिख रहा है। जबकि सरकार के तरफ से चाइनीस मंझा बेचने पर रोक है।

चौका में अंधा मोड़, होती है जानलेवा दुर्घटनाएं

जंघई। जंघई बरना प्रधानमंत्री मार्ग पर चौका में रामवृक्ष मिश्रा के घर के सामने सड़क एल टाइप मुड़ी हुई है जिसके कारण आवागमन करने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों को काफी दिक्कतें आती है दर्जनों बड़े छोटे हादसे हो चुके हैं लोग जान भी गंवा चुके हैं परन्तु प्रशासन द्वारा कोई गति अवरोधक नहीं बनाया गया और न ही कोई बोर्ड लगा आज तक?। वाहनों की आवाजाही 24 घंटे रहती है चौका से 200 मीटर आगे बरना की तरफ बढ़ने पर सड़क बाईं तरफ अधिक मुड़ी हुई है जिसके कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं पड़ते और आमने-सामने की टक्कर हो जाती है लोग गिरकर गंभीर रूप से चुटहिल हो रहे हैं। आवागमन करने वाले नागरिकों एवं चौका गांव के निवासियों ने सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनवाने एवं बोर्ड लगाने की मांग की है।

खखैचा के गौरव ने क्षेत्र का बढ़ाया गौरव, लोवर पीसीएस में चयन परिवार में जश्न का माहौल

अखंड भारत संदेश

जंघई। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ विज्ञापन संख्या- 01/ परीक्षा/2019 सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2019 पदनाम विपणन निरीक्षक के चयनित अभ्यर्थियों की पिछड़ा वर्ग की सूची में प्रतापपुर क्षेत्र के खखैचा गांव निवासी गौरव कुमार सिंह पुत्र धीरेन्द्र बहादुर यादव का चयन हुआ है। गौरव के चयन पर परिजनों, रिश्तेदारों एवं ग्रामीणों तथा क्षेत्रीय लोगों में हर्ष का माहौल है सभी ने गौरव की उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।गौरव के पिता धीरेन्द्र बहादुर यादव मुंबई में रहकर जीवकोपार्जन करते हैं।तीन भाईयों एवं एक बहन में दूसरे नंबर

पर गौरव के बड़े भाई सौरभ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं छोटा भाई शरद भी शिक्षा ग्रहण कर रहा है बहन ऋचा की शादी हो गई है।गौरव की प्राथमिक शिक्षा शांति विद्या निकेतन रस्तीपुर, जूनियर हाईस्कूल राधाकृष्ण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रस्तीपुर, हाईस्कूल इंटरमीडिएट रामप्यारी बेला खास तथा स्नातक की शिक्षा राज डिग्री कालेज छतौना से प्राप्त किया है। गौरव ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रयागराज, मध्यप्रदेश, दिल्ली में रहकर किया है। गौरव ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता परिवार के सभी सदस्यों तथा शिक्षकों को दिया है एवं नवीन जिम्मेदारी को पूरे ईमानदारी एवं सत्य निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया है। मां चिरौंजी देवी ने गौरव को लड्डू खिलाकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर मामा उदयभान यादव, विजय नाथ तिवारी, अशोक यादव, रामकृपाल, चंद्रभान सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

जुआ खेलते पांच जुआरी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

हनुमानगंज। सरायइनायत थाना क्षेत्र के देवकाली बाग में जुआ खेल रहे पाच गाड़ियों को शनिवार को पुलिस ने धर दबोचा उनके पास से नकदी व ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि कुछ दिनों से देवकली के बाग में जुड़े की सूचना मिल रही थी शनिवार को दरोगा शालिक राम, सुशील कुमार, अश्वनी मौर्य सिपाहियों के साथ घेराबंदी कर देवकली बाग से पाच जुआड़ियों को दबोचा लिया। जुआ खेलते पकडे गए उतरांव जगतपुर निवासी सतीश कुमार यादव उर्फ बाबूलाल पुत्र संत लाल यादव, बिगार्पुर निवासी महेश पुत्र ज्वाला, मुगरसन उतरांव निवासी राजबहादुर पुत्र लल्लू भारतीय, देवकली निवासी प्रताप बहादुर सिंह पुत्र रामपाल सिंह कतवारुपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र रामखेलावन के पास वह पढ़ से 35 सौ रुपये बरामद किया गया।

दो अलग अलग गांवों में मार पीट बाउंड्री गिरायी, सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने एक मामले में पांच दूसरे मामले में दो अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम लोकई का पूरा छाता निवासी अरुणेश कान्त तिवारी पुत्र स्वर्गीय शीता प्रसाद का आरोप है कि जमीनी विवाद में उसकी बाउंड्री गिरा दी गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। अरुणेश कान्त तिवारी ने मऊआइमा थाने में धीरेंद्र कुमार और क्षृषि प्रजाति और अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम पिलखुआं निवासनीय फूला देवी पत्नी मंगला प्रसाद का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके विरोधी एक राय होकर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। फूला देवी ने मऊआइमा थाने में सुशील कुमार ,संतोष कुमार ,संजय ,खुशबू ,कछरई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

होटल संचालक ने शराबी के आतंक के खिलाफ पुलिस से की फरियाद

अखंड भारत संदेश

करछना। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचरी गांव निवासी राम प्रसाद केसरवानी की कटका बैरियर बाजार में चाय नाश्ता की दुकान है जिस पर बगल में देवरी गांव निवासी पवन कुमार भारतीयता मेडिकल क्लीनिक चलाता है जो शराबी किस्म का है आए दिन शराब के नशे में राम प्रसाद केसरवानी के दुकान पर जाकर भद्दी भद्दी गालियां देता है और जान से मारने की धमकी देता है और शराब पीने के पैसे मांगता है जिसकी शिकायत उसने कई बार पुलिस से किया था लेकिन कोई कार्रवाई ना होने से शराबी पवन कुमार भारतीयता के हौसले बुलंद है और फर्जी मुकदमे में फसाए जाने की धमकी देता है जिसके आतंक से आजिज हो कर राम प्रसाद होटल संचालक ने शनिवार को थाना दिवस पर थाना प्रभारी विश्वजीत को लिखित शिकायत करके जान मांग की सुरक्षा और मेडिकल क्लीनिक चलाने वाले शराबी पवन कुमार भारतीयता के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की शिकायत दर्ज कराई है।

नैनी निवासी वकील की करछना के तालाब के झाड़ियों में सिर कटी मिली लाश से हड़कंप

अखंड भारत संदेश

करछना। थाना क्षेत्र के मिजार्पुर हाईवे गधियांव गांव मदार्पुर मोछा ढाबा के नियर एक तालाब की झाड़ियों में शनिवार सुबह तालाब की ओर शौच को गए ग्रामीणों ने देखा तो एक युवक की सिर विहीन लाश पड़ी थी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी करछना थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह मैं हमराहीओं के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक युवक की कपड़ों की तलाशी से आधार पैन कार्ड कुछ कागजात से पता चला कि मृतक युवक आशीष

मृतक युवक लाखो रुपए का कर्ज दार बताया गया और महीनों से अपने घर से अंदर ग्राउंड रह रहा था

दीक्षित 35 वर्ष पुत्र संतोष दिक्षित नंदन तालाब अरैल थाना नैनी निवासी के रूप में हुई जिसकी सूचना परिजनों को दी गई मौके पर पहुंचे परिजन शव की पहचान की परिजनों के मुताबिक मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था पेसे से वकालत करता था तथा एक राजनैतिक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष था परिजनों के मुताबिक मृतक लाखों रुपए के कर्ज में डूबा था बकायेदारों के तगादे से परेशान होकर विगत दो-तीन महीने से अंदर ग्राउंड हो गया था मृतक आशीष दीक्षित की 8 साल पूर्व शादी माधुरी के साथ हुई थी जिसके 2 बेटियां थी जो एक बीमारी के कारण मौत हो चुकी है घटना की सूचना पर एसपी जमुना पास सौरभ दीक्षित ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है हत्या की वजह और हत्या के बारे में पड़ताल की जा रही है।

महेंद्र प्रताप सिंह पब्लिक स्कूल में पाक कला प्रतियोगिता सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

झूंसी। अंदावा झूंसी स्तिथ महेंद्र प्रताप सिंह पब्लिक स्कूल में शनिवार को पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से बाहरवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अध्यापकों के संरक्षण में बच्चों ने नेस्ट चाट, दही बड़ा, लावा केक, पाव भाजी, वाइट पास्ता चॉक्लेट केक, चिलीपनीर, छोला भटूरा, पालक पूरी, गाजर का हलवा, लौकी-पपीता हलवा आदि स्वादिष्ट व्यंजन बना कर प्रस्तुत किये। इस अवसर पर विद्यालय की ट्रस्टी गोल्डी सिंह, निदेशक उषा हैमिलटन और प्रधानाचार्या शीना मरियम स्वरुप उपस्थित रहीं। जिन्होंने प्रतियोगिता का निर्णय करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

करछना में मंगलवार को कैश लूट की झूठी घटना का पुलिस ने किया पदार्फाश

अखंड भारत संदेश

करछना। में गत मंगलवार को एक बैंक कर्मी द्वारा षड्यंत्र के तहत खुद बैंक का कैश हजम करने के लिए अपने साथियों संग 3 लाख 50 हजार रुपए की लूट ब्लू प्रिंट तैयार किया था और उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक से सुबह 10 बजे 3.50 लाख रुपए लेकर बैंक का कर्मी अजीत कुमार पाण्डेय पास स्थित बैंक आफ बड़ौदा में जमा करने को निकला था जो अपने साथियों के साथ मिलकर 3.50 रुपए लूट की झूठी कहानी रच कर पुलिस को सूचना दी कि मेरा कैश वाइक सवार दो युवक छीन कर फरार हो गए की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी,जिसका थाना करछना व रडऋयमुनानगर/नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा षड़यंत्र कर रची गयी झूठी लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुये 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कथित लूटे गये कुल 3 लाख 50 हजार रू0 नकद, 02 अवैध तमंचे, 03 कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

कॉलेज में मनाया गया रंगारंग कार्यक्रम एंव वार्षिक खेल दिवस

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा के ग्राम खमपुर सिसवां स्थित संगम इंटरनेशनल कॉलेज में मैनेजर वसीम अहमद की उपस्थिती में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोटेड इंस्पेक्टर रमेशचंद्र ने फीता काटकर कर शुभारंभ किया। जिसमे खो-खो ,मार्च पास्ट, कबड्डी ,टोमेटो दौड़ , रस्सी कसी आदि खेलों में विद्यालय के बच्चे खेल में बढ़ चढ़ का भाग लिया। एलो हाउस ,ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस ,रेड हाउस में से एलो हाउस की टीम पूरे खेल में विजेता रही। इस मौके पर स्मिता खरे, रोहित गुप्ता, सहायक अध्यापक वीरेंद्र मौर्या ,दिनेश पटेल, ज्ञानचंद सरोज, कृष्णकांत सोनी, ओमप्रकाश , प्रदीप कुमार,सुषमा पाल ,रश्मि सिंह ,गीता सिंह, आरिफा सिद्दीकी , सकरीन,माया पूजा पाल ,युसूफ , खालिद समेत अन्य शिक्षक व अभिभावकगण मौजूद थे।

देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य, गीत और संगीत से सजा

सेंट जोसेफ का वार्षिकोत्सव

ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा याद करो कुबार्नी...के साथ बच्चों ने लूटी महफिल

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। सेंट जोसेफ स्कूल, शंकरगढ़ के बच्चों ने विद्यालय के वार्षिक समारोह में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर महफिल लूट ली। घंटों लोग कुर्सी से बिना हिले-डुले चिपके रहे। ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा याद करो कुबार्नी... गीत के साथ जैसे ही बच्चे स्टेज पर पहुंचे, एकबारगी सन्नाटा छा गया और यह सन्नाटा गीत के खत्म होने के बाद ही टूटा। विद्यालय के वार्षिक समारोह क्रेसेंडो-2.0 का शुभारंभ मां वीणापाणि की वंदना और स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद बच्चों ने शैक्षिक, सामाजिक, धार्मिक और देशभक्ति से जुड़े विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें जंगल

सफारी, माय फर्स्ट स्कूल, स्माइल इंडिया स्माइल, कलरफुल भारत के जरिए अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया। वार्षिक समारोह के चीफ गेस्ट, डायोसिस आफ इलाहाबाद के एडमिनिस्ट्रेटर फादर लुइस ने कहा, बच्चों को शिक्षित ही नहीं संस्कारी भी बनाइए। मुख्य अतिथि ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए विविध कार्यक्रमों की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बनाए गए शैक्षिक माहौल, अनुशासन की तारीफ की। कहा, आज का प्रोग्राम देख ऐसा लगा, जैसे कोई रियलिटी शो चल रहा हो। लुइस मुस ने कहा, विद्यालय की पहचान उनके बच्चे ही होते हैं। विशेष रूप से वार्षिकोत्सव में जब वह अपनी प्रतिभा को रखते हैं तो पता चलता है की विद्यालय का स्तर क्या है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्यक्रम में किसानों के साथ-साथ,पर्यावरण,फैमिली नाटक, का मंचन दिल को छू गया। उन्होंने विद्यालय परिवार के अनुशासन को देखते हुए पूरे विद्यालय परिवार की सराहना की। कहा, विद्यालय सिर्फ ईंट-गारा से बना हुआ भवन नहीं है। यह भवन के साथ-साथ अच्छे टीचर, जीवन निर्माण और अनुशासन का महत्वपूर्ण केंद्र भी है। इसके लिए उन्होंने प्रिंसिपल जोसफ रवि, टीचर्स और बच्चों की जमकर तारीफ की।

समारोह के विशिष्ट अतिथि राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन की तारीफ की। राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को आशीष देते हुए कहा, बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में शामिल करने से उनका सर्वांगीण विकास होता है और प्रतिभा में निखार आता है। मुख्य अतिथि फादर लुइस, विशिष्ट अतिथि राजा महेंद्र प्रताप सिंह, फादर थामस कुमार ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों देवेश सिंह, काव्या शर्मा आदि को सम्मानित किया। प्रिंसिपल फादर जोसेफ रवि ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में सिस्टर अलीना, श्वेता, फादर विंसेट परेरा,विकास समेत तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा शिवगढ़ परिषदीय विद्यालय में किया गया जागरूकता कार्यक्रम

धूम्रपान करने वाला व्यक्ति न केवल अपने जीवन के लिए बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी कैंसर का खतरा पैदा करता है : सुनीता सिंह इंचार्ज प्रधानाध्यापिका

अखंड भारत संदेश

सोरांव। खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजित शिवगढ़ प्रथम की जिम्मेदार प्रधानाचार्या सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर तक सड़क सुरक्षा पर सभी बच्चो को शपथ दिलाई गई तथा यातायात के नियमो को विस्तार से बताया गया। एवं जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा प्रश्नोत्तरी तथा निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई।

प्रतियोगिता में जो भी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी को रामाश्रृजन जन कल्याण संस्थान प्रयागराज के सचिव ओम प्रकाश मिश्रा के द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। इतना ही नहीं जिम्मेदार इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह ने सभी बच्चों को शपथ दिलाई जो इस प्रकार है। हम धूम्रपान एवं तंबाकू उत्पादन का सेवन नहीं करेंगे। हम अपने बच्चों एवं समाज को तंबाकू से दूर रखेंगे एवं समाज को होने वाले क्षति से बचाएंगे। तथा हम तंबाकू कंपनियों से किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं लेंगे न ही उन्हें सहयोग करेंगे आदि शपथ दिलवाए। जर्दा, खाने का गुटका,तंबाकू युक्त मसाला, मावा, मिश्री एवं गुल को

त्याग करेंगे। इन सभी बातों को बच्चों को बताया गया। एवं सचिव ओम प्रकाश मिश्रा द्वारा सभी बच्चों को पीने हेतु बॉटल प्रमाणपत्र व अन्य शैक्षिक सामग्रियां भेंट की। इस मौके पर स्कूल की सहायक अध्यापिका यासमीन बानो, प्रज्ञा राय, संगीता त्रिपाठी, अर्चना यादव आदि लोग मौजूद रहे।

स्वयं सहायता समूह को मजबूत बनाने पर दिया गया जोर

घूरपुर। भारतीय स्टेट बैंक शाखा करमा बाजार में शनिवार के दिन स्वयं सहायता समूह का मेगा क्रेडिट कैंप सी सी एल का आयोजन किया गया। स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को लेन देन एवं ऋण के संबंध में जानकारी साझा किया गया। दर्जनों स्वयं सहयता समूहों रियल स्वीकृत किया गया। कैंम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल एसडीएम करछना डॉ. गणेश प्रसाद कनौजिया ने महिलाओं को बताया कि लेनदेन करते समय पूरी जानकारी होली चाहिए। पैसे का कहां उपयोग करना है और कितना खर्च आ रहा है यह सब समझने के बाद ही सदस्यों को चेक पर दस्तखत करनी चाहिए।

माँ जैसा निश्छल प्यार कोई और कर ही नहीं सकताः अनिल विश्वकर्मा

अखंड भारत संदेश

जसरा/प्रयागराज। क्षेत्र के विभिन्न शैक्षिक संस्थानो मे शनिवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर अधिकारों एवम मूल कर्तव्यों पर जन जागरूकता का आयोजन किया गया। इसी क्रम मे बलापुर स्थित कमला स्मारक इंटर मे भी विश्व मानवाधिकार पर परिचर्चा एवम संस्थान के प्रबंधक अनिल कुमार विश्वकर्मा जी के माता जी की 34वीं पुण्यतिथि पर विद्यालय परिवार ने पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी संवेदनाएं प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि उनकी माता जी की प्रबल मंशा थी कि क्षेत्र मे अनुशासन, नशामुक्ति, सदाचार एवम शिक्षा का माहौल बने उनकी प्रेरणा एवम स्मृति मे ही वर्ष 2003मे विद्यालय की स्थापना की गयी जिससे विगत

19वर्षों से निरंतर क्षेत्र मे शिक्षा के साथ साथ नशामुक्ति,नारी शिक्षा इत्यादि सामाजिक आयोजनो के माध्यम से लोगों मे उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास जारी हैं। आगे उन्होंने यह भी कहा कि पूज्यनीया माता जी की स्मृति मे प्रतिवर्ष उनके पुण्यतिथि पर बड़े हनुमान जी के मंदिर पर बड़े पैमाने पर गरीबों, वंचितों एवम जरूरतमंद लोगों मे भोजन वितरित किया जाता हैं।उक्त अवसर पर कमला स्मारक इंटर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका विश्वकर्मा ने विश्व मानवाधिकार दिवस से जुड़ी अनेकों जानकारियों के साथ ही जिनके नाम पर विद्यालय स्थापित हैं उनकी 34वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक /अध्यापिकाओं साहित गणमान्य लोग मौजूद रहें।

उपचुनाव नतीजों से दिखेगी यूपी में 2024 की चुनावी बिसात

अखंड भारत संदेश

कोराव/प्रयागराज। समाजवादी पार्टी विधानसभा कोराँव यादुवेंद्र अहिर एडवोकेट ने कहा है कि उपचुनाव नतीजों से यूपी में 2024 की चुनावी बिसात दिखेगी। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में मैनपुरी लोकसभा सीट पर ऐतिहासिक जीत एवं गुजरात विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का दस्तक की खुशी में बार एसोसिएशन कोराँव के अधिवक्ताओं द्वारा मिठाई खिलाकर खुशी जताई एवं बधाई दिया तथा समाजवादी विचारधारा को और विस्तार के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसमें वरिष्ठ

अधिवक्ता कृष्णा कांत तिवारी ,सतीश चंद्र सिंह अधिवक्ता, अनिल कुमार मिश्र अधिवक्ता, रत्नेश कुमार पाल अधिवक्ता लवकुश पाल, नीरज द्विवेदी अधिवक्ता ,अनिल कुमार शुक्ला अधिवक्ता ,सुरेश यादव सत्यम द्विवेदी एवं यादवेन्द्र अहीर (पूल प्रभारी) आदि समाजवादी अधिवक्ता मौजूद रहे। उपचुनाव में मैनपुरी लोकसभा सीट पर ऐतिहासिक जीत एवं गुजरात विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का दस्तक की खुशी में बार एसोसिएशन कोराँव के अधिवक्ताओं द्वारा मिठाई खिलाकर खुशी जताई एवं बधाई दिया तथा समाजवादी विचारधारा को और विस्तार के लिए विचार विमर्श किया गया।

रोडवेज बस ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौत

अपने परिचित को रोडवेज बस स्टैंड आया था मृतक, बस ने पहले ई-रिक्शा को मारा टक्कर फिर स्कूटी सवार को रौंदा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सिविल लाइंस बस अड्डे पर दर्दनाक हादसे में स्कूटीसवार राजबहादुर (34)की मौत हो गई। वह एक परिचित को छोड़ने के लिए आया था, तभी उसकी स्कूटी में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राजबहादुर मूल रूप से घूरपुर के कटरा उभारी गांव का रहने वाला था। वह नैनी के डांडी में प्रदीप कुमार गुप्ता की कृषि उपकरणों की दुकान पर काम करता था।

शनिवार दोपहर तकरीबन एक बजे वह अपने परिचित को छोड़ने के लिए सिविल लाइंस बस अड्डे पर आया था। परिचित को छोड़कर वह वापस जाने के लिए बढ़ा ही था कि तभी वहां पहुंची गोरखपुर डिपो की बस ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह

छिटककर दूर जा गिरा और सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का आगे का कुछ हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर जुटे लोगों ने सूचना दी तो पुलिस पहुंची। जेब में मिले मोबाइल से संपर्क करने पर उसकी शिनाख्त हुई। फिर घरवालों को सूचना दी गई। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को मर्चरी भिजवा दिया। आरोपी चालक जौनपुर निवासी ज्ञानेंद्र को हिरासत में ले लिया।

इंस्पेक्टर सिविल लाइंस वीरंद्र यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रविवार को कराया जाएगा। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। वही एआरएम सी बी राम से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि बस को आगे पीछे करते समय यह हादसा हुआ है ।

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की बस (**UP11 टी.5812**) बस स्टैंड पर खड़ी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस ड्राइवर ज्ञानेंद्र सिंह बस चालू कर आगे-पीछे कर रहा था। तभी अचानक बस स्पीड में आगे बढ़ गई। बताया जा रहा है कि बस खराब होने की वजह से यह घटना घटित हुई है। मृतक घूरपुर थान क्षेत्र के कटरा उभारी गांव का रहने वाला था। वह किसी काम से बस स्टैंड पर आया था।

आजमगढ़ के वैभव सिंह बने अधिशासी अधिकारी, मिल रही बधाइयां

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। आजमगढ़ के मूल निवासी वैभव सिंह का चयन अधिशासी अधिकारी(नगर पंचायत)पद पर हो गया है। वैभव सिंह की बेसिक शिक्षा आजमगढ़ से पूरी करने के पश्चात कक्षा छः में ही अपने चाचा नीरज सिंह के सानिध्य में पढ़ाई जारी रखने प्रयागराज आ गए। उन्होंने इंटरमीडिएट एम एल कॉन्वेंट स्कूल अल्लापुर से किए तथा स्नातक इलाहाबाद विश्वविद्यालय से करने के पश्चात सिविल सेवा की तैयारी में लग गए। उनके चाचा नीरज सिंह

अन्दावा स्थित रुदा संगम अपार्टमेंट में रहते है उन्होंने अवगत कराया कि वैभव शुरू से ही जुझारू प्रवृत्त के थे और चाचा की सिविल की तैयारी से प्रेरित होकर शुरू से ही एक ही लक्ष्य लेकर चले और आज जब रिजल्ट आया तो उनका फाइनल चयन हो गया। बताते चलें कि वैभव सिंह के पिता जी डॉ मिथिलेश सिंह आजमगढ़ में डॉटर है एवं बड़े चाचा डॉ डी आर सिंह गाजीपुर डिग्री कालेज में एसोसिएट प्रोफेसर तथा छोटे चाचा-चाची नीरज सिंह एवं शालिनी सिंह बेसिक स्कूल में सरकारी टीचर है। वैभव के बड़े भाई विकास सिंह कानपुर बैंक में मैनेजर है एवं उनकी बहन आकांक्षा भी बलिया में सरकारी टीचर है। ऐसे में वैभव की महत्वाकांक्षा चरम पर है और अपनी तैयारी जारी रखते हुए उच्च पद पर आसीन होना चाहते हैं।

सिपाही मनोज के तबादले पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

कैंटीन में खराब खाने का वीडियो किया था वायरल

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। पुलिस कैंटीन में खराब खाने का वीडियो वायरल करने वाले सिपाही मनोज कुमार के तबादले पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। इस मामले में कोर्ट ने यूपी सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। फिरोजबाद में तैनात सिपाही मनोज कुमार ने खराब खाने का वीडियो वायरल कर दिया था। सोशल मीडिया में वीडियो तेजी से वायरल हो गया, जिसकी जानकारी अधिकारियों तक पहुंच गई।विभाग की छवि धूमिल करने और अनुशासनहीनता के आरोप में उसका ट्रांसफर फिरोजबाद से गाजीपुर कर दिया गया था। जिसको मनोज कुमार ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी 2023 को होगी।

जसरा में काशी एक्सप्रेस के ठहराव की माँग हुई तेज

अखंड भारत संदेश

बारा। जसरा रेलवे स्टेशन पर काशी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर स्थानीय लोगों ने सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी को एक पत्र लिखा है। पत्र में ग्रामीणों ने लिखा है कि क्षेत्रवासियों को मुंबई जाने के लिए काशी एक्सप्रेस ही एक मुख्य साधन रही, लेकिन अब जसरा रेलवे स्टेशन पर इसका ठहराव नहीं होता है।इस कारण जसरा सहित आसपास के लोगों को मुंबई की ट्रेन पकड़ने के लिए प्रयागराज,छिवकी या शंकरगढ़ जाना पड़ता है।जनेश्वर मिश्र ने रेलमंत्री के कार्यकाल में लोगों की माँग को देखते हुए जसरा रेलवे स्टेशन पर काशी एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करवाया था, किन्तु कोरोना काल से ही इस ट्रेन का ठहराव यहाँ पर बन्द कर दिया गया था।अजय केसरवानी, अरुण कुमार, शेखर यादव,अशोक कुमार सोनकर, आदि ने सांसद को पत्र लिखकर काशी एक्सप्रेस के पुनः ठहराव की माँग किया है।

प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने जनपद कौशांबी की ओर बढ़ाया ध्वस्तीकरण का कदम

पिपरी कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर पुरवा गांव में हो रही जमीन की अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) जोन संख्या 02 ने शुक्रवार को अगला कदम बढ़ाते हुए शाहपुर पुरवा गांव में कार्यवाई की पीडीए के जोनल अधिकारी के नेतृत्व में अवर अभियंताओं जेएम सिंह,कुंवर आनंद सिंह और प्रवर्तन टीम ने पिपरी पुलिस के साथ मिलकर लगभग 3 बीघे में हो रही अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त।शाहपुर पुरवा गांव में हो रहे इस प्लाटिंग के कर्ताधताओं के खिलाफ एक स्थानीय दलित महिला ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया था इससे पहले यही टीम महमूदपुर मनौरी मोहम्मदपुर और मखऊपुर गांवों में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कर चुकी है कार्रवाई पीडीए की इस कार्यवाही से कौशांबी के प्लाटिंग करने वालों में मची खलबली।

यातायात सुरक्षा जागरूकता के तहत बच्चों को दिलाई गई शपथ

अखंड भारत संदेश

सहसों। क्षेत्र में यातायात सुरक्षा एवं नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी प्रकार रामनगर स्थित सेंट जार्ज स्कूल में यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियम के परिप्रेक्ष्य जानकारी देते हुए विद्यालय के बच्चों को जागरूक किया गया। स्कूल के प्रबंधक शिवा कांत पांडे ने बच्चों को यातायात के बारे में जानकारियां देकर जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक ने यातायात नियम को लेकर बच्चों को शपथ दिलाया और प्रमाणपत्र भी दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका पिंकी पांडे, शिक्षक निशा शर्मा, प्रिया शुक्ला, अनूप शुक्ला, अशोक कनौजिया, विधि पांडे, दिव्या पांडे सहित आदि लोग उपस्थित रहे।इसी क्रम में राजाराम तिवारी

पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुलालपुर में शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में यातायात सड़क सुरक्षा नियम का शपथ अध्यापक एवं बच्चों सहित लिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताते हुए बच्चों को जागरूक किया। शपथ दिलाते हुए शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ गंगापार भाजपा ने सभी से यातायात सड़क सुरक्षा नियम को पालन करने का आग्रह किया। मुख्य रूप से उपस्थित महारानी दीन मिश्र, प्रमोद नारायण मिश्र, राजेश कुमार मिश्र, अशोक कुमार शर्मा, जबर सिंह यादव, शशांक तिवारी, सुनील कुमार मिश्र, शालिनी सिंह, पूजा विश्वकर्मा, बीके अग्रवाल, बलवंत सिंह सहित आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

महिला सेवा सदन डिग्री कॉलेज में नृत्य प्रतियोगिता संपन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शनिवार को महिला सेवा सदन डिग्री कॉलेज में प्रो०राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवोत्सव 2022-23 के अन्तर्गत अर्न्त महा विद्यालयीय नृत्य प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें प्रयागराज जनपद के विभिन्न सात महाविद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने प्रतिभागिता की। जिसमें महिला सेवा सदन कॉलेज,लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा , प्रयाग महिला विद्यापीठ डिग्री कॉलेज, कुलभाष्कर आश्रम डिग्री कॉलेज, दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सैदाबाद, महामाया राजकीय महाविद्यालय धनूपुर, यूनाईटेड कॉलेज आफ मैनेजमेण्ट के छात्र तथा छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं रंगारंग प्रस्तुति दी। नृत्य प्रतियोगिताएं एकल एवं समूह वर्ग में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों का ध्यान रखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक माननीय श्री संजय कुमार अग्रवाल की पत्नी श्रीमती संगीता अग्रवाल रही। कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 अमिता शुक्ला के दिशानिर्देशन में हुआ जिसमें महाविद्यालय की भूतपूर्व प्राचार्या प्रो0 पार्वती सिंह , संस्कृत की विभागाध्यक्षा प्रो0 रूबी वर्मा तथा इतिहास विभाग की एसोशिएट प्रोफेसर श्रीमती आराधना कुमारी ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया । संगीत विभाग की प्रो0 इच्छा नायर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान निम्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों को प्राप्त हुआ ...

एकल-नृत्य प्रतियोगिता:

1. **प्रथम स्थान** - शिवम केसरवानी , महामाया राजकीय डिग्री कॉलेज , धनुपर प्रयागराज 2. द्वितीय स्थान- कु0 सृष्टि सिंह , लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज 3. तृतीय स्थान- कु0 अर्जिता वर्मा, महिला सेवा सदन डिग्री कॉलेज

समूह नृत्य प्रतियोगिता :

1. **प्रथम स्थान**- महिला सेवा सदन डिग्री कॉलेज , प्रयागराज 2. द्वितीय स्थान - सैदाबाद डिग्री कॉलेज, हडिण्या प्रयागराज 3. तृतीय स्थान-प्रयाग महिला विद्यापीठ डिग्री कॉलेज, प्रयागराज। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो॰ अमिता शुक्ला के धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो गया।

थाना दिवस कोरांव में आई 13 शिकायतें, एक का हुआ निस्तारण

5 शिकायतों के निस्तारण के लिए तहसीलदार ने गठित की टीम

अखंड भारत संदेश

रत्योरा/प्रयागराज। शनिवार को आयोजित थाना कोरांव में समाधान दिवस के दौरान कुल 13 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें तहसीलदार अनिल वर्मा व नायब तहसीलदार विनोद सिंह तथा थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में एक शिकायत का जहां मौके पर ही निस्तारण किया गया, वहीं 5 शिकायतों के निस्तारण के लिए तहसीलदार अनिल वर्मा ने राजस्व टीमें गठित कर स्थल पर भेज दिया। जमुआ धूंस गांव के रहने वाले लालमणि ने शिकायत दर्ज कराया

कि गांव के ही रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया गया है। कई बार शिकायत दर्ज करा चुका हूं किंतु अभी तक मामले का निस्तारण नहीं हो सका है। उपरोक्त मामले में भी तहसीलदार ने राजस्व टीम गठित कर मामले को निस्तारित कराने का निर्देश राजस्व टीम को दिया है। इसी प्रकार कई अन्य फरियादियों ने भी बताया कि कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, किंतु अभी तक मामलों का निस्तारण नहीं हो सका है। जिससे एक ही शिकायतें बार-बार करनी पड़ रही हैं। थाना समाधान दिवस में राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा फरियादी मौजूद रहे।

विज्ञान, कला व सामाजिक प्रदर्शिनी का आयोजन

अखंड भारत संदेश

हनुमानगंज। महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के महावीर पब्लिक स्कूल के द्वारा शनिवार को विज्ञान, कला व सामाजिक प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के मॉडलों रेन वाटर, स्केचिंग, मोसन आदि का प्रदर्शन किया।

जिसमें मुख्य रूप से ऋचा कुशवाहा कक्षा 10, आयुषी कक्षा 9, श्रेया कक्षा 9, रूचि मौर्या कक्षा , यशी द्विवेदी कक्षा 6, आस्था द्विवेदी, आराध्या केसरवानी, कृतिका सिंह, साहिला बैतुल कक्षा 7 वारिस कक्षा 9, दीपक कक्षा 6, श्रुती कक्षा 5, आदित्य कक्षा 2 ने प्रतिभाग किया। जिसमें मुख्य रूप से उप प्रधानाचार्या प्रज्ञा पाण्डेय, अनुशासन व्यवस्थापक बृजेश त्रिपाठी, प्रशासनिक अधिकारी अवनीश कुमार गर्ग, शिक्षक जगदीश कुमार, पंकज आदि शामिल रहे। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों व महाबीर संस्थान के समस्त संकायों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों ने उपस्थिति दर्ज कराकर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

सब इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह बने अधिशाषी अधिकारी

पूरे दिन क्षेत्रीय लोगों के बधाई देने का लगा रहा तांता

अखंड भारत संदेश

रत्योरा/प्रयागराज। विकास खण्ड कोरांव के कोसफरा कला गांव के रहने वाले सब इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह का चयन अधिशाषी अधिकारी के पद पर होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। अखिलेश सिंह डॉ रमा शंकर सिंह के छोटे पुत्र हैं। अधिशासी अधिकारी बने अखिलेश सिंह के बड़े भाई डॉ अनिल सिंह मीरजापुर जनपद में होम्योपैथ चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। अखिलेश सिंह वर्तमान में सब इंस्पेक्टर के पद

पर कार्यरत हैं। अखिलेश सिंह का अधिशाषी अधिकारी के पद पर चयन होने पर क्षेत्रीय लोगों ने बधाई दी है। जैसे ही सब इंस्पेक्टर को अधिशाषी अधिकारी बनने की खबर क्षेत्र में आम हुई, बधाई देने वाले लोगों का तांता लग गया। बधाई देने वाले लोगों में डा अवधेश कुमार सिंह प्रधानाचार्य एस पी इंटर कॉलेज सिकरो,भोला सिंह प्रांत मंत्री भारतीय किसान संघ, ओम प्रकाश द्विवेदी, डा रमा कांत सिंह प्रबंधक आरके इंस्टीट्यूट आफ फामेर्सी अरुआरी, आनंद प्रकाश शुक्ल, कमलेश शुक्ला, दयाशंकर सिंह शिक्षक, धीरज सागर, शिवराम पाल आदि लोग शामिल रहे।

फायर कर्मियों ने अस्पतालों में चलाया जागरूकता अभियान

फायर नियमों के पालन पर दिया गया जोर

अखंड भारत संदेश

रत्योरा/ प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में फायर सर्विस स्टेशन कोरांव के कर्मियों द्वारा शनिवार को अस्पतालों में जागरूकता अभियान चलाया गया। शासन के आदेश के क्रम में अग्निशमन दल कोरांव ने अस्पतालों के स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूक किया।

कोरांव फायर अग्निशमन केंद्र के प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह और उनके सहयोगी दल के लोगो ने सुकृत अस्पताल के कर्मियों को फायर सिलेण्डर से आग कैसे बुझायी जाती है, उसके बारे में जानकारी दी। इसके अलावा किन परिस्थितियों में कौन से सिलेंडर का उपयोग करना चाहिए आदि के बारे में जानकारी देते हुए बारीकियां बताई। लगातार आग जनित

घटनाओ के बढ़ने से सरकार ने जागरूकता अभियान चलाया है। अग्निशमन केंद्र के प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि फायर सर्विस एनओसी न होने पर असपताल, होटल, कालेज आदि संस्थानो के रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिए जाएंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी संस्थान प्रबंधक की होगी। उन्होंने सरकार के मानक के अनुरूप फायर सिस्टम को लागू करने की बात कही। फायर कर्मियों के द्वारा जागरूक करने के दौरान अस्पताल के कई कर्मी मौजूद रहे।

भारत की महान विरासत, संस्कृति के बारे में जान सकेंगे यूजीआई के छात्र

स्पिक मैके के प्रयागराज चैप्टर का यूजीआई में शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

नैनी। छात्रों के बीच भारत की महान विरासत और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से, यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी ने शनिवार को सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग यूथ (स्पिक मैके) के सहयोग से यूजीआई में प्रयागराज चैप्टर का शुभारम्भ किया। चैप्टर का उद्घाटन यूनाइटेड ऑडिटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्पिक मैके की स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. मधु रानी शुक्ला, विख्यात भरतनाट्यम नृत्यांगना रागिनी चंद्रशेखर, प्रिंसिपल और

डीन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

स्पिक मैके दिल्ली की एक गैर सरकारी संगठन है जो युवा पीढ़ी के बीच भारतीय विरासत और संस्कृति के प्रचार प्रसार और उनको इससे जोड़ने का काम पिछले कई दशकों से करती आ रही है। भारत सहित अन्य देशों में इसकी 500 से अधिक चैप्टर हैं। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए, चंद्रशेखर ने छात्रों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत की विभिन्न शैलियों के बारे में बताया और कुछ शास्त्रीय गीतों और कविताओं पर भरतनाट्यम के कुछ मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर यूजीआई के जिन विद्यार्थियों को स्पिक मैके के इलाहाबाद चैप्टर का पदाधिकारी नामित किया गया, उन्हें प्राचार्यों ने बैच लगाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर बोलते हुए, प्रिंसिपल, यूसीईआर ने कहा कि यह पहल निश्चित रूप से भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपरा के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने का काम करेगी। सांस्कृतिक प्रमुख, यूजीआई डॉ अजय शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और यूजीआई में स्पिक मैके के चैप्टर को खोलने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।

किसानों के लिये सरकार ने चलाई है कई योजनाएं : विधायक

गड़वारा में आयोजित हुआ किसान प्रतिनिधि सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा आयोजित किसान प्रतिनिधि सम्मेलन गडवारा नगर पंचायत में संपन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा पूरे प्रदेश में कराए जा रहे किसान प्रतिनिधि सम्मेलनों के क्रम में प्रतापगढ़ में सभी नगर पंचायतों में किसान प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन जनपद के जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा की अगुवाई में कराया जा रहा है।

उसी क्रम में गडवारा में भी किसान प्रतिनिधि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जनपद में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा किसानों और आम नागरिकों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का यह अनूठा सफल प्रयोग किसान मोर्चा के द्वारा भाजपा के लिए एक अद्वितीय उत्प्रेरक साबित हो रहा है। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य द्वारा आज के सम्मेलन में किसानों के हितार्थ शासन द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं पर एक एक कर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए किसानों की फसलों की छुट्टा जानवरों से सुरक्षा हेतु अविलंब भाजपा सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हरिओम मिश्र ने नगर पंचायतों के गठन के प्रति शासन की मंशा को विस्तार पूर्वक उद्धृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे।

जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा विजय मिश्रा ने आए हुए समस्त नागरिकों का आभार जताया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी राघवेंद्र नाथ शुक्ला, जिला मंत्री रामजी मिश्र, अंतू मंडल के अध्यक्ष शिव विलास, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अतुल शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिलीप पांडे, पंकज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कुणाल के सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, सदर मंडल अध्यक्ष सुजीत आदि मौजूद रहे।

किसान प्रतिनिधि सम्मेलन में बोलते जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र।

व्यापार मण्डल ने डिप्टी कमिश्नर से की मुलाकात

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी जी ने वाणिज्य कर डिप्टी कमिश्नर श्री राम भुवन जी से मुलाकात करके होने वाले छापों के संदर्भ में जानकारी ली, जिससे निम्नगत बातें स्पष्ट हुई कि यह छापे आम तरह से समस्त व्यापारियों के ऊपर नहीं होंगे, इसमें लखनऊ द्वारा प्राइवेट संस्थान से गुप्त सर्वे के बाद शासनादेशित अनरजिस्टर्ड अथवा आय से अधिक टर्नओवर के तहत आने वाले लगभग 80-85 व्यवसायियों का ही जांच होना है। वाणिज्य कर अधिकारी ने यह भी कहा की किसी व्यापारी का उत्पीड़न व शोषण नहीं होगा। वे सभी अपनी दुकानें निर्भीक होकर खोलें। अन्त में जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि यदि विभागी छापों के सहारे शासन-प्रशासन व्यापारियों का उत्पीड़न और शोषण करेगा, तो व्यापार मण्डल खुला विरोध करने पर मजबूर होगा।

नृत्यांगना विदुषी रागिनी चंद्रशेखरन के नृत्य में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

पीबीपीजी कालेज में आयोजित हुआ भरत नाट्यम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में स्पिक मैके के तत्वावधान में दक्षिण भारत का प्रसिद्ध नृत्य भरत नाट्यम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 अमित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। शुभारंभ अन्तर्राष्ट्रीय नृत्यांगना विदुषी रागिनी चंद्रषेखरन एवं अतिथियों के द्वारा किया गया।

इस दौरान प्राचार्य प्रो0 अमित कुमार ने कहा कि स्पिक मैके भारतीय संस्कृति एवं शैली को जीवंत रखने के लिये सदैव विभिन्न माध्यमों से अनवरत कार्य कर रहा है। इस दौरान पुष्पांजलि, अलाइकु के अलावा सुंदर श्याम सुंदर वरलीला एवं श्रीराम चंद्र कृपालु भज मन आदि धुन पर अन्तर्राष्ट्रीय नृत्यांगना विदुषी रागिनी चंद्रषेखरन एवं अंजना नटराजन द्वारा सुंदर एवं मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की असि0 प्रो0 डा0 निहारिका श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो0 बृजभानु सिंह, प्रो0 ब्रहमानंद प्रताप सिंह, प्रो0 उपेन्द्र कुमार सिंह, रष्मि सिंह, डा0 राजीव कुमार सिंह, श्रद्धा श्रीवास्तव, दिनेष कुमार, प्रणव ओझा, डा0 कुलदीप सिंह, डा0 षिव प्रताप सिंह, डा0 वंदना सिंह, डा0 केके सिंह, डा0 सीपी पाण्डेय, डा0 देवेष सिंह, डा0 नीरज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

पीबीपीजी कालेज में भरत नाट्यम करते कलाकार।

जो हैं सच्चे मुसलमां उनको हिन्दू से मोहब्बत है...

कौमी एकता के नाम कवि सम्मेलन एवं मुशायरे मे गीत व गजल की बंधी समां

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के नगर पंचायत पृथ्वीगंज के पूरनपुर पटखान में कौमी एकता के नाम विराट कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित हुआ। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे की अध्यक्षता आचार्य अनीस देहाती और संचालन प्रयागराज के हास्य कवि बिहारी लाल अम्बर ने किया। शकील फूलपुरी के नाते पाक से मुशायरे का आगाज हुआ। उन्होंने पढ़ा- खूबसूरत लिबास है लेकिन, जिस्म नंगा दिखाई देता है। फलक सुल्तानपुरी ने अपनी दिलकश आवाज से मुशायरे में जान फूँकी उन्होंने पढ़ा-हया की वादियों में, शर्म के आँगन में रहती हूँ। मैं उर्दू हूँ सदा तहजीब के दामन में रहती हूँ। अदब के नामचीन शायर खुर्शीद अम्बर ने बेहतरीन शाइरी पेश की उन्होंने पढ़ा- अजान अच्छी नहीं लगती, भजन अच्छा नहीं लगता, बुरे लोगों को पाकीजा चलन अच्छा नहीं लगता। शायर डॉ. अनुज नागेन्द्र ने तो पूरी महफिल ही लूट ली, उन्होंने पढ़ा- चमन फूल को जैसे कि खुशबू से मोहब्बत है, कि वैसे ही मेरी हिन्दी को उर्दू से मोहब्बत है।

प्रमुख के भाई का हमलावर धराया

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। ब्लाक प्रमुख के भाई के ऊपर प्राणघातक हमले के आरोपी को सांगीपुर पुलिस ने शनिवार की सुबह धर दबोचा। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने फोर्स के साथ शाहबरी तिराहे से हत्या के प्रयास मे नामजद आरोपी शिवेन्द्र बहादुर सिंह मुन्ना को हिरासत मे ले लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना मे फायरिंग को लेकर लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद किया है।

इधर गोली से घायल प्रमुख के भाई संतोष सिंह पप्पू का घटना के तीसरे दिन भी प्रयागराज के एसआरएन मे उपचार जारी बताया गया है। बता दें गुरूवार को दिन मे एक बजे सांगीपुर थाना के सुजाखर गांव मे जमीनी विवाद मे मौसेरे भाईयों मे कहासुनी हुई थी। आरोप है कि बातचीत के दौरान आरोपी शिवेन्द्र बहादुर सिंह मुन्ना ने अपनी पत्नी कुसुम के ललकारने पर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू के छोटे भाई संतोष सिंह पर फायर कर दिया था। गोली संतोष के जांघ मे लग गयी थी। शुक्रवार को प्रमुख की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिवेन्द्र बहादुर सिंह मुन्ना व उनकी पत्नी कुसुम के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। पुलिस को शिवेन्द्र की तलाश थी। पुलिस ने आरोपी को दोपहर बाद न्यायालय भेज दिया। घटना के आरोपी की गिरफ्तारी के बाद सांगीपुर मे आक्रोशित माहौल के ठण्डा होने को लेकर शनिवार को पुलिस भी राहत में देखी गयी।

चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा घर मे घुसकर मारपीट व तोडफोड व धमकी को लेकर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज के हुलासगढ़ निवासी गया प्रसाद पाण्डेय की पत्नी बबिता पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पांच दिसंबर को शाम सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने लाठी डंडे व कुल्हाड़ी से लैस होकर हमला कर दिया। आरोपी गांव के विजय कुमार वर्मा पुत्र रामकृपाल, रामकृपाल तथा रामकृपाल की पत्नी मालती व विजय की पत्नी अंतिमा दरवाजे पर आ गयी। आरोपियो ने गाली देना शुरू किया। विरोध करने पर आरोपी लाठी डंडे से पीडिता पर हमलावर हो गये। घर मे मौजूद पीडिता के पुत्र सक्षम ने शोर मचाया तो आरोपी सक्षम तथा मां श्यामा देवी को भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी घरेलू सामान मे तोडफोड करने लगे। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये।

25वें थाने के रुप में कोतवाली देहात का सांसद ने किया शिलान्यास

जब कानून व्यवस्था दुरुस्त होगी तभी विकास संभवः सांसद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के 25वें थाने के रूप में कोतवाली देहात की स्थापना व शिलान्यास किया गया। इस मौके सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा संगम लाल गुप्ता ने कहा कि जब कानून व्यवस्था रहेगी तभी विकास की परिकल्पना की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में चुस्त-दुरुस्त हो रही कानून व्यवस्था का परिणाम है कि विकास की परियोजनाएं फलीभूत होती दिख रही है। कुछ ऐसी ही परिस्थिति जनपद प्रतापगढ़ में विगत कुछ वर्षों से कानून व्यवस्था पर आए सुधार के कारण विकास की परिकल्पना साकार होती दिख रही है। सांसद ने बताया कि शीघ्र ही प्रतापगढ़ में लालगंज, मोहनगंज, रानीगंज अजगरा, रानीगंज तहसील में बाईपास का निर्माण कार्य प्रगति पर होगा और पुराने निर्मित हो रहे बाईपास के विस्तारीकरण का कार्य तथा भूपियामऊ से सोनावाँ के बीच 10 किलोमीटर सीसी रोड सहित डिवाइडर सहित, भंगवा की चुंगी पर रेलवे ओवर ब्रिज नया माल गोदाम रोड का निर्माण कार्य आरंभ होने के पश्चात प्रतापगढ़ में एक बड़ा बदलाव विकास के कार्यों में दिखाई देगा जो एक परिवर्तन का बड़ा आधार बनेगा। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि विकास की योजनाओं में हम वर्तमान में एकजुट होकर सभी जनप्रतिनिधियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बिना किसी भेदभाव के अग्रसर होते रहेंगे जिससे विकास के कार्यों में कहीं कोई रोड़ा उत्पन्न न हो। समारोह में बोलते हुए जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हरिओम मिश्रा ने कहा कि नए थानों की स्थापना से प्रतापगढ़ की शांति व्यवस्था को बल मिलेगा तथा उन्होंने इस प्रकार के प्रयासों के लिए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार भी जताया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, ओम प्रकाश पाण्डेय गुड्डू, चक्रवर्ती परमवीर सिंह, राकेश्वरनाथ, श्रीराम पाण्डेय, फूलचन्द्र, राजकुमार, उमेश पाल, मनोज राय, विनय प्रताप सिंह, देवी प्रसाद, अभिषेक पाण्डेय आदि ने अपने विचार व्यक्त किया। समारोह का संचालन विवेक उपाध्याय द्वारा किया गया।

कोतवाली देहात का शिलान्यास करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

प्रतापगढ़। थाना महेशगंज के ग्राम लोचनगढ़ के पास 27 सितम्बर 2022 को बडी नहर में एक व्यक्ति का शव मिला था जिस पर मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दज किया था। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष महेशगंज उ0नि0 प्रमोद कुमार सिंह मय हमराह द्वारा थाना लालगंज के सोनारन का पुरवा गांव के पास से अभियुक्त अखिलेश यादव उर्फ रिंकू पुत्र हरिनाथ यादव नि0 ग्राम सोनारन का पुरवा ढिंगवस थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को घटना में प्रयुक्त एक अदद मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मैं अपने साथी के साथ मिलकर एक व्यक्ति.की हत्या कर दी थी तभी से मैं अपना मोबाइल बन्द कर बाहर भाग गया था। मेरे साथी भारत लाल यादव पुत्र नंद लाल यादव नि0 ग्राम उधमपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ की मेरे गांव के पास गौशाल है।

साकेत ग्रप आफ कालेजेज में अभ्युदित भारत प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

राज्य सूचना आयुक्त ने प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज द्वारा बुलन्द भारत की बुलन्द तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए अपने 500 से अधिक छात्राओं द्वारा प्रस्तुत 217 मॉडल से अभ्युदित भारत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया और छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की गई।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार छात्राओं ने स्वतंत्रता के समय के भारत और आज के विकसित भारत का प्रस्तुतीकरण किया है उसमें विकसित भारत का स्पष्ट स्वरूप परिलक्षित हो रहा है। संचार, परिवहन, रेल, कृषि, विद्युत एवं अंतरिक्ष तक की यात्रा को छात्राओं ने अपने मॉडल्स में बहुत ही सुन्दरता से उकेरा है। इस प्रदर्शनी में बदले हुए भारत की बदली हुई सोच को प्रदर्शित करने का सफल प्रयास किया गया है। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के दीर्घकालीन अनुभव से छात्राओं को अवगत कराया और साकेत परिवार की ओर से आगन्तुकों का अभिनन्दन किया। इस प्रदर्शनी में विशिष्ट अतिथि के रूप में रोशनलाल, एस.पी. त्रिपाठी, डॉ0 अखिलेश कुमार पाण्डेय, डॉ0 पी0के0 सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं कु0 मानसी, अदिति, नेहा, शाम्भवी, सौम्या, अविका द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रा कु0 नाजमीन द्वारा किया गया, कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों का के प्रति आभार महाविद्यालय के प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया।

प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह।

निर्धन असहायों को बांटे गये कम्बल

परियावां, प्रतापगढ़। शनिवार को मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी कुन्डा सतीशचन्द त्रिपाठी व घनश्याम मौर्य (भूतपूर्व सारजेंट भारतीय वायु सेना) द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत निर्धन बृद्धजनो को निःशुल्क ऊनी कम्बल वितरण किया। एसडीएम ने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इनकी सेवा करना पुनीत कार्य है। इस मौके पर लवलेश कुमार, राहुल कुमार, नवल किशोर कक्कू ने अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर पंकज कुमार, डॉ राम प्रताप संतोष कुमार, अभिषेक, सचिन, हरिश्चंद, उदयभान, अजय पवन, वीरेंद्र, मोना, अनीता, गुड़िया, अस्मिता, महेक, प्रियंका, शिवानी, कल्पना आदि लोग मौजूद रही।

समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनी शिकायतों, निस्तारण का दिलाया भरोसा

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय कोतवाली मे थाना समाधान दिवस मे आठ शिकायतो मे से दो का निस्तारण किया गया। यहां समस्याओं की सुनवाई तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने संयुक्त रूप से की। वहीं लीलापुर थाने मे हुए थाना समाधान दिवस मे एसडीएम सौम्य मिश्र तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने संयुक्त रूप से फरियादियों की शिकायते सुनीं। एसडीएम ने जमीनी विवाद से जुड़े प्रार्थना पत्रो पर राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कर मौके पर निस्तारण के लिए रवाना कराया। वहीं सीओ रामसूरत सोनकर ने पुलिस से जुडे प्रार्थना पत्रो की सुनवाई करते हुए तीन दिवस के भीतर निस्तारण कराए जाने का आदेश दिया। समाधान दिवस मे यहां बारह शिकायतो मे से दो का अफसरों ने मौके पर निस्तारण कराया। इसका संयोजन थानाध्यक्ष विनीत उपाध्याय ने किया।

दहिलामऊ क्षेत्र में 20 लाख की दो सड़कों की नगर पालिका ने दी सौगात

विस्तारित क्षेत्रों में हर वार्डों की तरह मिलेगी सुविधाः प्रेमलता

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। विस्तारित क्षेत्र दहिलामऊ में 20 लाख से बनी दो सड़कों का नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्षा ने कहा कि शहर के विस्तारित क्षेत्रों में विकास का पहिया दौड़ाने का प्रयास किया जा रहा है। शीघ्र ही विस्तारित क्षेत्रों को भी सड़क, नाली व प्रकाष से संतृप्त किया जाएगा।

शहर के दहिलामऊ उत्तरी क्षेत्र में चांदमारी रोड के बगल से अमरनाथ देवी महराज के घर तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली नौ लाख की लागत से बनाई गई है। इसी प्रकार दहिलामऊ दक्षिणी में गायघाट रोड के पास आनंद मौर्य के घर से गीता पाण्डेय के घर तक 247 मीटर लम्बी इंटरलाकिंग सड़क 11 लाख की लागत से बनाई गई है। इन दोनों सड़कों का लोकार्पण करते हुए नपाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने कहा कि विस्तारित क्षेत्रों में हर वार्ड की तरह सभी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने बताया कि विस्तारित क्षेत्रों में पहले ही प्रकाष की व्यवस्था कर दी गई थी। अब सडक व नाली बनाने का कार्य किया जा रहा है। दोनों कार्यक्रमों का संचालन भाजपा नेता ज्वाला सिंह ने किया। इस अवसर पर मिथिलेष सिंह, ओम प्रकाष शुक्ला, महेष चंद्र तिवारी, अनिल, गायत्री शुक्ला सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

सड़क का लोकार्पण करती नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप सिंह।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से अधेड़ की हुई मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंधरीपुर गाँव मे शनिवार की दोपहर लगभग एक बजे वर्तमान ग्राम प्रधान मनोज कुमार पटेल ने अपने खेत मे गौशाला चैकीदार दशरथ पटेल पुत्र गयादीन पटेल (45) वर्षीय खेत मे बांस लगाने के लिए कहा। बांस लगाते समय खेत के ऊपर से गये 11 हजार के हाई टेंशन की तार में हरा बांस के छू जाने से दशरथ करेन्ट की चपेट में आ गया जिससे मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान भी मौके पर पहुचे ग्राम प्रधान दशरथ को लेकर सीएचसी कालाकांकर ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के दोनों लड़के रोजी रोटी कमाने के लिए परदेश में रहते है। घर पर सिर्फ महिलाएं ही रहती है। मौके पर पहुची नवाबगंज पुलिस जांच में जुटी जब कि मृतक बैंक व दुर्घटना बीमा का पालिसी होल्डर बताया जा रहा है।

बाइक चोरी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक चोरी को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के उछापुर निवासी संजय सरोज पुत्र शंकर ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात चोरी की घटना को लेकर मुकदमा दर्ज किया है।

चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी तथा तोडफोड को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ शुक्रवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के असैनापुर निवासी भागीरथी वर्मा की पुत्र पिंकी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पहली दिसंबर को सुबह सात बजे आरोपियो ने रंजिशन उसकी मां गुडडी देवी को गाली देनी शुरू की। मना करने पर आरोपी गांव के जयप्रकाश, मेवालाल वर्मा की पत्नी सुंदरी तथा राजाराम वर्मा की पुत्रियां रेखा व सुरेखा ने लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। आरोपियो ने गृहस्थी के सामान नष्ट करते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी है।

बच्चों को रोजगार से जोड़ने के लिये महाविद्यालय ने की पहल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एमडीपीजी कालेज में आज महाविद्यालय एवं पुणे इन्स्टिटूट आफ बिज्नेस मैनज्मेंट के मध्य एक मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग हस्ताक्षरित हुआ। दोनो संस्थानो के बीच यह प्रक्रिया एनईपी-2020 के आधार पर की गयी। एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए इस एमओयू पर हस्ताक्षर किया और कहा कि ये एमओयू छात्रों के समग्र विकास एवं प्लेस्मेंट के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। संस्थान के प्लेस्मेंट ऑफिसर डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि इस एमओयू के अंतर्गत दोनो संस्थानों के मध्य फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, स्टूडेंट डिवेलप्मेंट प्रोग्राम, स्किल डिवेलप्मेंट प्रोग्राम, लर्निंग मैनज्मेंट सिस्टम, स्टूडेंट प्लेस्मेंट और ज्वाईंट रीसर्च ऐक्टिविटी सम्पन्न कराए जाएँगे। इस अवसर पर कालेज के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय, पुणे इन्स्टिटूट आफ बिज्नेस मैनज्मेंट की तरफ से रिलेशन-स्किल डिवेलप्मेंट मैनेजर प्रतीक राज और मुकेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

एमडीपीजी कालेज में अतिथियों से मुलाकात करते प्राचार्य।

अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना मे लापरवाही को लेकर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे गोसांई गौखाडी निवासी ज्ञानपाल मौर्या पुत्र रामकिशुन ने दी गई तहरीर मे कहा है कि तीस नवंबर को सुबह साढे दस बजे लखनऊ वाराणसी नेशनल हाइवे के नया का पुरवा के समीप अज्ञात कार ने उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना मे पीडित का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।

ननिहाल जा रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत

बाइक चला रहा युवक हादसे में हुआ गंभीर घायल अस्पताल में भर्ती

अखंड भारत संदेश

हरायपुर कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के सिरोही टोल प्लाजा के पास बाइक सवार दो लोगों को तेज गति ट्रक ने कुचल दिया है जिससे घटनास्थल पर एक स्कूली छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई है बाइक चला रहा युवक हादसे में गंभीर घायल है हादसा देख कर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे में मृतक छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दुर्घटना के बाद ट्रक के चक्के के नीचे पड़ी बालिका।

सूचना मिलते ही रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे परिजन

घटना क्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के आदमपुर नादिरअली गांव की रहने वाली करीना त्रिपाठी उम्र 21 वर्ष पुत्री सुरेश त्रिपाठी अपने गांव के श्यामू सिंह उम्र 22 वर्ष पुत्र भागवत सिंह के साथ शनिवार की दोपहर बाइक से अपने ननिहाल प्रतापगढ़ जनपद के हथगवा जा रहे थे बाइक सवार गांव से 5 किलोमीटर दूर कोखराज सिहोरी टोल प्लाजा के पास पहुंचे थे कि अनियंत्रित तेजगति ट्रक चालक ने बाइक सवारों को कुचल दिया बाइक से गिरकर छात्रा ट्रक के चक्के के नीचे आ गए जिससे घटनास्थल पर छात्रा करीना त्रिपाठी की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई साथ में रहे युवक श्यामू सिंह हादसे में गंभीर घायल हैं। हादसा देख कर घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और मृतक की शिनाख्त कराकर उनके परिजनों को हादसे की जानकारी दी रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए पुलिस ने एंबुलेंस के सहारे घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है छात्रा की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ द्वारा यातायात नियमों का शपथ ग्रहण कराया

अखंड भारत संदेश

तिल्हापुर कौशाम्बी। व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ द्वारा यातायात नियमों का पालन करने के लिए व्यापारियों को शपथ दिलाई गई है शपथ के दौरान अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन कुमार केसरवानी ,युवा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र केसरवानी (शेरू),वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्षवर्धन कुशवाहा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, महामंत्री अंकित गुप्ता, सुधीर केसरवानी, रामगोपाल सोनी, बाके लाल यादव, अंकित पटेल, विजय साहू आदि लोगों ने शपथ लिया और कहा कि अपने परिवार और रिश्तेदारों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि दुर्घटना से बचें यातायात नियमों का पालन करें खुद सुरक्षित रहें और दूसरों को सुरक्षित रखें।

शपथ लेते व्यापारी।

अवैध खनन परिवहन के विरूद्ध सुनिश्चित की जाए प्रभावी कार्यवाही: एडीएम

अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अवैध खनन परिवहन की रोकथाम के लिए गठित जनपद स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में अवैध खनन/परिवहन की रोकथाम के लिए गठित जनपद स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जनपद में कहीं भी अवैध खनन/परिवहन न होने पायें। उन्होनें कहा कि कही भी अवैध खनन/परिवहन पाया जाता है तो त्वरित प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने ए0आर0टी0ओ0 एवं खनिज अधिकारी को अवैध खनन/परिवहन के विरूद्ध उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के साथ संयुक्त रूप से समन्वय कर तहसीलवार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।

बैठक करते अपर जिलाधिकारी।

एडिशनल एसपी ने फोर्स के साथ मंझनपुर में किया पैदल गस्त

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले के कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने और अपराधियों के ऊपर पुलिस का खौफ कायम करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी मंझनपुर और कोतवाल के साथ मंझनपुर कस्बे में पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया गश्त के दौरान एडिशनल एसपी ने नगर क्षेत्र के आम जनमानस से बातचीत कर कानून और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लिया और इस दौरान उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया नगर में पैदल गश्त के दौरान उन्होंने लोगों को कानून का पाठ पढ़ाया शुक्रवार की शाम अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी मंझनपुर प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर चौकी प्रभारी एवं उप निरीक्षक थाना मंझनपुर पुलिस के साथ मंझनपुर कस्बे में पैदल गस्त किया पैदल के दौरान पुलिस टीम ने यातायात व्यवस्था शांति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए जनता के व्यक्तियों से बातचीत करके सुरक्षा का एहसास कराया।

पुलिस फोर्स के साथ गश्त करते अपर पुलिस अधीक्षक।

गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अशोक कुमार सरोज पुत्र मेवालाल निवासी ज्वालनपुर, दारानगर थाना कड़ाधाम को 350 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

अलग अलग थानों द्वारा तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना करारी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ टिकई पुत्र राजाराम निवासी चक सहाबुद्दीनपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र राजा उर्फ गनेशी पासी निवासी परास थाना सैनी को ग्राम केसारी से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुनील पासी पुत्र असर्फी लाल निवासी नवाबगंज फुलवा थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 201 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 04 वाहनों का चालान कर 2000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

निरोधात्मक कार्यवाही मे 09 अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप मे थाना करारी से एक थाना सराय अकिल दो थाना पिपरी से एक थाना सैनी से दो थाना मोहब्बतपुर पइसा से तीन कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

जीएसटी टीम के आने की सूचना मिलने पर बंद रही दुकानें

अखंड भारत संदेश

टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी। जनपद में कई दिनों से जी एस टी की टीम ने डेरा डाल रखा है। जिसको लेकर दुकानदारों में जांच के नाम को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। शुक्रवार को टेढ़ीमोड़ में किसी ने सूचना फैला दी की जांच के लिए जी एस टी की टीम आ रही है। यह सुनते ही चौराहे के समस्त दुकानदार अपनी अपनी शटर बंद कर भाग खड़े हुए । दिन भर दुकानदारों के बीच टीम आने को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी रही और एक दूसरे से लोकेशन लेते रहे। वहीं सामान खरीदने वाले ग्राहक बाजार बंद होने के कारण परेशान रहे।

मानवाधिकार रक्षा की शपथ लेते पुलिसकर्मी।

पुलिसकर्मियों ने ली मानवाधिकार की सुरक्षा करने की शपथ

अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर पुलिस लाइन पुलिस थाने में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। अंतराष्ट्रीय मानवधिकार दिवस पर पुलिस लाइंस सहित सभी थानों में मानव अधिकार दिवस आयोजित कर पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने मानवाधिकार की सुरक्षा करने की शपथ ली इस मौके पर पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने भारतीय संविधान एवं अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार की रक्षा करने की शपथ ली एसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर पुलिस लाइंस सहित जिले के सभी थानों में पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने मानवाधिकार की रक्षा करने की शपथ ली अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में उपस्थित समस्त अधिकारी झ कर्मचारी को मानवाधिकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं संरक्षण की शपथ दिलाई गयी।

नहरों में हो रहे सिल्ट सफाई के काम पूरी तरह से निविदा और मानक के विपरीतः अजय सोनी

सकिपा ने मनमाने तरीके से हो रहे सिल्ट सफाई कार्य की शासन से की शिकायत, मंडलायुक्त से जल्द मिलेंगे पार्टी कार्यकर्ता

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने नहरों में कराए जा रहे सिल्ट सफाई के कार्य पर सवाल उठाया है। अजय सोनी के मुताबिक कौशांबी की अधिकतर नहरों में सिल्ट सफाई का काम निविदा एवं मानक के विपरीत हो रहा है। गुरुवार को निचली गंगा नहर के करारी माइनर अंतर्गत निकलने वाली गंभीरा माइनर, उदहिन माइनर, समदा मंझनपुर माइनर एवं रामगंगा नहर के पश्चिमी इलाहाबाद शाखा से निकलने वाली परसीपुर माइनर एवं सिराथू माइनर का भ्रमण कर सिल्ट सफाई कार्य का अजय सोनी ने स्थलीय जायजा लिया और ग्रामीणों एवं किसानों से वार्ता की। निचली गंगा नहर के करारी माइनर से निकली गंभीरा माइनर अंतर्गत आने वाले खनवारी गांव के लोगों से सिल्ट सफाई कार्य की चर्चा करते हुए अजय सोनी ने कहा कि रामगंगा नहर एवं करारी माइनर नहर का संचालन सिंचाई विभाग फतेहपुर द्वारा होता है। फतेहपुर सिंचाई विभाग के अधिकारी और ठेकेदार मिलकर सिल्ट सफाई के कार्य को मनमाने तरीके से निविदा एवं मानक को दरकिनार करवा रहे हैं।

इसी तरह ग्राम महमदपुर में ग्रामीणों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि मंझनपुर समदा माइनर के सिल्ट सफाई का काम पूरी तरह से मनमाने तरीके से हो रहा है। इसी तरह रामगंगा नहर के सिराथू माइनर, परसीपुर माइनर के सिल्ट सफाई के काम में भी निविदा एवं मानक को दरकिनार कर आधा अधूरा काम कराया जा है। साथ ही रामगंगा नहर की अन्य माइनरों के सिल्ट सफाई में भी यही स्थिति है। ग्राम दिलावलपुर में ग्रामीणों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि रामगंगा कमांड के अधिकारी एवं ठेकेदार पूरी तरह से मनमानी कर रहे हैं। करारी माइनर के हेड यानि भीमपुर से तुलसीपुर तक स्क्रेपिंग कार्य भी छोड़ छोड़ कर कराया जा रहा है। ग्राम उदहिन में लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि सिल्ट सफाई कार्य में हो रही मनमानी को लेकर समर्थ किसान पार्टी द्वारा शासन स्तर पर शिकायत की गई है और सिंचाई मंत्री को पत्र लिखा गया है और जल्द ही मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर शिकायत की जाएगी। आगे कहा कि जल्द ही समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ता प्रयागराज जाकर मंडलायुक्त से कौशांबी में मानक को दरकिनार कर कराए गए सिल्ट सफाई कार्य की ज्ञापन देकर शिकायत करेंगे। इस मौके पर राम मिलन पांडेय, वीरेंद्र तिवारी, सुनील सोनकर, घसीटे सरोज, मुन्ना पटेल, जुम्मन अली, शफीक अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

सिल्ट सफाई के बाद नहर का दृश्य।

व्यापारियों ने पुलिस से कहा जाम की समस्या कराई जाए खत्म

रात में पुलिस गश्त की जाए तेज बाजार से दूर हटकर लगाई जाए वाहनों की चेकिंग

अखंड भारत संदेश

तिल्हापुर कौशाम्बी। पिपरी थाना परिसर में व्यापारियों के साथ पुलिस ने बैठक कर व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उसके समाधान के लिए आश्वासन दिया शनिवार को पिपरी थाने में व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ और मनौरी बाजार के तमाम व्यापारी एकत्रित हुए जहां व्यापारियों की समस्याओं को पिपरी कोतवाल ने सुन कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक में व्यापारियों ने बताया कि तिल्हापुर मोड़ चौराहे पर प्रतिदिन जाम लगता हैं जिससे व्यापारियों और ग्राहकों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है जाम की समस्या खत्म कराई जाए व्यापारियों ने कहा कि सभी चौराहे पर सिपाही की ड्यूटी लगाई जाए जिससे जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके व्यापारियों ने कहा कि बाजार वाले दिन वाहन चेकिंग मार्केट से हटकर पुलिस करें और ठंड को देखते हुए रात को पुलिस गश्त और तेज किया जाए जिससे चोरी की घटनाएं रुक सके थाना इंचार्ज ने सभी व्यापारियों से कहां कि वह अपनी-अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए ताकि अपराध को रोकने में सहयोग मिल सके।

बैठक के दौरान व्यापार मंडल तिल्हापुर मोड़ के अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन कुमार केसरवानी ,युवा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र केसरवानी (शेरू),वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्षवर्धन कुशवाहा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, महामंत्री अंकित गुप्ता, सुधीर केसरवानी, रामगोपाल सोनी, बाके लाल यादव, नीरज अग्रहरी,और व्यापार मंडल मनौरी बाजार के नगर अध्यक्ष सुधीर केसरवानी ,मनोज कुमार केसरवानी (पटेल), रतन कुमार केसरवानी ,राकेश कुमार केसरवानी ,अमित जी जवाहर लाल मोहनलाल केसरवानी सहित तमाम व्यापारियों ने पुलिस को समस्याओं से अवगत कराया।

बैठक में उपस्थित व्यापारी और थानेदार।

डीएम एसपी ने थाना महेवाघाट तथा थाना पश्चिम शरीरा में सुनी जनसमस्यायें

फरियाद सुनते डीएम एसपी।

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना महेवाघाट एवं थाना पश्चिम शरीरा में जनसमस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिये।

राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के दिये निर्देश

थाना महेवाघाट में कुल 04 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा कुल 06 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 01 शिकायत को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एंव पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये।

कोखराज थाने में एएसपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशाम्बी। थाना समाधान दिवस के अवसर पर थानां कोखराज में अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने तमाम लोगों की शिकायत को सुना और सभी मामलों को गम्भीरता से लेते हुए सर्किल के लेखपालों को न्याय पूर्वक निस्तारण करने को कहा मौके पर एसओ कोखराज तेज बहादुर सिंह चन्देल,राकेश कुमार ,चौकी प्रभारी राकेश राय,चौकी प्रभारी हरार्रायपुर,कृष्ण कुमार सिंह,मो आमिर, लेखपाल, अनिल अग्रहरि कानून गो,लेखपाल संघ कौशाम्बी अध्यक्ष साधना सिंह लोकनाथ पांडेय,ज्ञान प्रकाश सुमित ,मान सिंह,अशोक दूबे, पवन रॉय, श्याम नारायण, शिव बाबू,अंकित, मौके पर सात मामले आये जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

फरियाद सुनते अपर पुलिस अधीक्षक।

एनर्जी इनोवेशन लान्च पैड के अन्तर्गत नवनिर्मित फ्लोटिंग सोलर ग्रिड आई-घाट का डीएम ने किया उद्घाटन

फ्लोटिंग सोलर ग्रिड आई-घाट से प्रदुषण को कम करने के साथ ही नाविकों की आय में भी वृद्धि होगी, कड़ा धाम में आने वाले आगंतुकों को नौकारोहण का एक अलग अनुभव मिलेगा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने शुक्रवार को कुबरी घाट, कड़ा में एनर्जी इनोवेशन लान्च पैड के अन्तर्गत नवनिर्मित फ्लोटिंग सोलर ग्रिड आई-घाट (कुबरी घाट) का फीता काटकर उद्घाटन किया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नाविक फ्लोटिंग सोलर ग्रिड आई-घाट का विभिन्न गतिविधियों में उपयोग कर सकतें हैं। उन्होंने आई0आई0टी0 कानपुर को इस इनोवेशन के लिए धन्यवाद देते हुए अपेक्षा की कि आई0आई0टी0 कानपुर द्वारा इसी प्रकार के नये-नये अभिनव प्रयोग किया जाता रहेंगा, जिसका लाभ जनपद को भी मिलेगा। उन्होंने फ्लोटिंग सोलर ग्रिड आई-घाट के विषय में विस्तार से जानकारी दी। प्रो0 अंकुश शर्मा ने बताया कि स्टार्टअप अक्वाफ्रंट इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा विकसित किये गए फ्लोटिंग आर0सी0सी0 आधारित यह आई-घाट अपने आप में अनूठा प्रयोग है। उन्होंने बताया कि आईआईटी कानपुर के सहयोग और मार्गदर्शन में उत्तर-प्रदेश में आधुनिक तकनीकी के समावेशी प्रयोग के लिए नित नए उदाहरण प्रस्तुत किये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार के समर्थन का एक अनूठा उदाहरण आई-घाट प्रोजेक्ट है, जो कि भारत में अपनी तरह का पहला समाधान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सहयोग से एन0टी0टी0डाटा जैसे वैश्विक तकनीकी कम्पनी का समर्थन और स्टार्टअप अक्वाफ्रंट इंफ्रास्ट्रक्चर का तकनीकी कौशल जनपद के ग्रामीण परिक्षेत्र में पहुँचा है।

प्रो0 अंकुश शर्मा ने बताया कि फ्लोटिंग पी0वी0 (सौर सेल) के माध्यम से उत्पन्न ऊर्जा का उपयोग कडाधाम में ई-नौकाओं के लिए किया जायेगा । सौर ऊर्जा के उपयोग से न सिर्फ प्रदुषण को कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे नौका चालकों की आय में भी वृद्धि होगी, यह कड़ा धाम में आने वाले आगंतुकों को नौका रोहण का एक अलग अनुभव प्रदान करेगा, जिसका लाभ कौशाम्बी जनपद को भी मिलेगा आई-घाट के अगले चरण में फ्लोटिंग आर0सी0सी0 का प्रयोग छोटे कृत्रिम तालाब स्थापित करके मछली पालन में भी किया जाएगा, जिससे नौका चालकों और उनके परिवारों की आय में और बढोत्तरी हो सकेंगी इस अवसर पर विनीत वर्मा ओएसडी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, उप जिलाधिकारी सिराथू राहुल देव भट्ट सहित अंकुर दास गुप्ता, गौरी बहुलकर राहुल पटेल आदि गणमान्य उपस्थित रहें।

फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम।

संपादकीय

मैनपुरी ने दी मुलायम को श्रद्धांजलि

वर्तमान चुनावों में तीनों पार्टियां एक-एक जगह से जीत गईं लेकिन दो-दो जगह से हार गईं। इन मुख्य चुनावों के अलावा कुछ उपचुनाव भी अलग-अलग प्रांतों में हुए। उनमें सबसे ज्यादा चर्चित रहा मैनपुरी से डिंपल यादव का चुनाव लोकसभा के लिए। डिंपल अखिलेश यादव की पत्नी और मुलायम सिंह की बहू हैं। वे लगभग 3 लाख वोटों से जीती हैं। उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार को हराया है लेकिन भाजपा का एक उम्मीदवार रामपुर से जीत गया है, यह भी भाजपा की उल्लेखनीय उपलब्धि है। डिंपल को हराने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। डिंपल के खिलाफ ऐसे उम्मीदवार को खड़ा किया था, जो पहले सपा का नामी-गिरामी नेता रहा था। इसके अलावा मुलायम सिंह पिछले चुनाव में सिर्फ 94 हजार वोट से जीते थे जबकि बहुजन समाज पार्टी उनके साथ थी। इस बार अखिलेश यादव ने डिंपल को अपने दम पर लड़ाकर जितवाया है। यह एक उम्मीदवार की मामूली जीत नहीं है। यह अखिलेश की समाजवादी पार्टी के पुनरोदय का शंखनाद है। यह जीत उ.प्र. ही नहीं, पूरे देश की राजनीति को नई दिशा दे सकती है। यह मुलायम सिंह जैसे विलक्षण नेता को जनता द्वारा दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि है जैसे कि 1984 में राजीव गांधी की अपूर्व जीत इंदिरा गांधी को दी गई जनता की श्रद्धांजलि थी। इस चुनाव के दौरान यह भी अच्छा हुआ कि अखिलेश और उनके चाचा शिवपाल यादव के बीच सुलह हो गई और दोनों की पार्टी का विलय हो गया। अब देखना यह है कि अगले लोकसभा चुनाव में होता क्या है? योगी आदित्यनाथ ने कुछ पहल इतनी जबरदस्त की हैं कि उनके कारण जनता के दिलों में उन्होंने गहरा स्थान बना लिया है लेकिन मैनपुरी की जीत समाजवादी पार्टी में नई जान फूंक सकती है बशर्ते कि अखिलेश और शिवपाल सिर्फ कुर्सी और रेवड़ी की राजनीति में न फंसे रहें। इस वक्त अकेली भाजपा है, जो अपनी विचारधारा पर चलने की कोशिश जैसे-तैसे करती रहती है, शेष सभी पार्टियां वोट और नोट के झांझ पीटती रहती हैं। मुलायम सिंह को भी यह सब करना पड़ता था लेकिन वे डॉ. राममनोहर लोहिया के सच्चे अनुयायी की तरह भी आचरण करने की कोशिश करते थे। उन्होंने लोहिया की सप्तक्रांति के अनेक सूत्रों को लागू करने की भरपूर कोशिश की थी। उन्होंने मेरे साथ मिलकर अंग्रेजी हटाओ आंदोलन और भारत-पाक महासंघ के सवालों पर काफी काम किया था।

पर्यावरण पर भी प्रहार कर रहा है रूस-यूक्रेन युद्ध

प्रमोद भार्गव

इन बदलते हालातों में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। हर हाल में 'ग्रीन हाउस गैसों' के उत्सर्जन में कटौती करनी होगी। यदि तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। धरती पर रहने वाले जीव-जगत पर करीब दो दशक से जलवायु परिवर्तन की तलवार लटकी हुई है। मनुष्य और इसके बीच की दूरी निरंतर कम हो रही है। पर्यावरण विज्ञानियों ने बहुत पहले जान लिया था कि औद्योगिक विकास से उत्सर्जित कार्बन और शहरी विकास से घटते जंगल से वायुमंडल का तपमान बढ़ रहा है, जो पृथ्वी के लिए घातक है। इस सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी, नतीजतन पृथ्वीवासियों को भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा। इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए प्रतिवर्ष एक अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन होता है जिसे 'कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज' (सीओपी) के नाम से भी जाना जाता है। इस बार 'सीओपीइ की 27वीं बैठक मिस्र के शर्म-अल-शेख शहर में संपन्न हुई। सम्मेलन में पुरानी बातें ही दोहराई गईं। 'पेरिस समझौते' के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता भी जताई। वास्तव में अभी तक 56 देशों ने 'संयुक्त राष्ट्र संघ' के मानदंडों के अनुसार पर्यावरण सुधार की घोषणा की है। इसमें यूरोपीय संघ, अमेरिका, चीन, जापान और भारत भी शामिल हैं। अलबत्ता, रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को दिया जा रहा बढ़ावा स्थिर रह पाएगा। जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयले से ऊर्जा बनाने के संयंत्र बंद कर दिए थे, उन्हें, रूस द्वारा गैस आपूर्ति बंद कर देने के कारण फिर से चालू करने की तैयारी की जा रही है। सन् 2018 ऐसा वर्ष था, जब भारत और चीन में कोयले से बिजली उत्पादन में कमी दर्ज की गई थी। नतीजतन भारत 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' में पहली बार शीर्ष दस देशों में शामिल हुआ था। वहीं अमेरिका सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में गिना गया था। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 'सीओपी 25' सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी की गई थी। रिपोर्ट में 57 उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले देशों में से 31 में उत्सर्जन का स्तर कम होने के रुझान दर्ज थे। इन्हीं देशों से 90 प्रतिशत कार्बन का उत्सर्जन होता रहा है। इस सूचकांक ने बताया था कि कोयले की खपत में कमी सहित कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक बदलाव हुआ है। इसमें तीसवां स्थान प्राप्त चीन में भी मामूली सुधार दिखा था। 'जी-20' देशों में ब्रिटेन सातवें और भारत नवें स्तर पर था, जबकि आस्ट्रेलिया 61वें और सऊदी अरब 56वें क्रम पर थे। अमेरिका खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में इसलिए आ गया था, क्योंकि उसने जलवायु परिवर्तन की खिल्ली उड़ाते हुए इस समझौते से बाहर आने का निर्णय लिया था।

आप की राजनीति में बढ़ता अपराध का साया

ललित गर्ग

हाल ही में सम्पन्न दिल्ली नगर निगम चुनावों में जीते पार्षदों के संदर्भ में एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स यानी एडीआर और दिल्ली इलेक्शन वाच ने एक चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी कर यह बताया गया है कि दो सौ अड़तालीस विजेताओं में से बयालीस यानी सत्रह प्रतिशत निर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्नीस पार्षद गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी हैं। इससे पूर्व दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भी एडीआर ने अपने विश्लेषण में चुने गए कम से कम आधे विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाए थे। इसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के विधायक थे। अब प्रश्न है कि दिल्ली नगर निगम के चुनावों में भी आप पार्टी ने उम्मीदवार बनाने के लिए स्वच्छ छवि के व्यक्ति को तरजीह देने की जरूरत क्यों नहीं समझी? दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि साफ-सुथरी एवं अपराधमुक्त राजनीति का दावा करने वाले दल ही सर्वाधिक अपराधी लोगों को उम्मीदवार बना रही है। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। आखिर कब तक अपराधी तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनते रहेंगे? कब तक आम आदमी इस त्रासदी को जीने के लिये मजबूर होते रहेंगे। भारत के लोकतंत्र के शुद्धिकरण एवं मजबूती के लिये अपराधिक राजनेताओं एवं राजनीति के अपराधीकरण पर नियंत्रण की एक नई सुबह का इंतजार कब तक करना होगा? भारतीय लोकतंत्र की यह दुर्बलता ही रही है कि यहां सांसदों-विधायकों-पार्षदों एवं राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व ने आर्थिक अपराधों, घोटालों एवं भ्रष्टाचार को राजनीति का पर्याय बना दिया है। इन वर्षों में जितने भी चुनाव हुए हैं वे चुनाव अर्हता, योग्यता एवं गुणवत्ता के आधार पर न होकर, व्यक्ति, दल या पार्टी के धनबल, बाहुबल एवं जनबल के आधार पर होते रहे हैं, जिनकों आपराधिक छवि वाले राजनेता बल देते रहे हैं। आप ने भ्रष्टाचार एवं अपराधों पर नियंत्रण की बात करते हुए राजनीति का बिगुल बजाया। लेकिन यह दल तो जल्दी ही अपराधी तत्वों से घिर गया है। आप एवं उसके सर्वेसर्वा अरविन्द केजरीवाल ने सार्वजनिक रूप से अनेक दावे किये कि वे राजनीति को स्वच्छ बनाने के लिए काम करेंगे, लेकिन मौका मिलते ही वे भी इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझते कि अपराध के आरोपी या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले किसी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने से कौन-सी परंपरा मजबूत होगी। चिन्ता भारतीय राजनीति के लगातार दागी होते जाने की हैं। लगभग हर पार्टी से जुड़े नेताओं पर अपराधी होने के सवाल समय-समय पर खड़े होते रहे हैं। लेकिन आप में अपराधी राजनेताओं का सहारा ज्यादा जोरदार तरीके से लिया जा रहा है, अपने स्वल्प शासनकाल ने इस दृष्टि से उसने सारी सीमाओं को लांघ दिया है। प्रश्न है कि आखिर कब हम राजनीति को भ्रष्टाचार एवं अपराध की लम्बी काली रात से बाहर निकालने में सफल होंगे। कब लोकतंत्र को शुद्ध सांसें दे पायेंगे? कब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र स्वस्थ बनकर उभरेगा?

जब-जब राजनीति के अपराधीकरण का मुद्दा बहस का केंद्र बनता है तो प्रायः सभी दलों की ओर से बढ़-चढ़ कर इसके खिलाफ अभियान चलाने और इसे खत्म करने के दावे किए जाते हैं। आप ने तो इसी बल पर अपनी राजनीति चमकाई है और आम लोगों के बीच जगह बनाई है। लेकिन उसके कथनी और करनी के फर्क को जनता समझ गयी है तभी गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में जनता ने आप को ठुकरा दिया है। गौरतलब सवाल है कि आए दिन राजनीतिक परिदृश्य को एक स्वच्छ और नई छवि देने से लेकर ईमानदारी का दावा करने वाली आप और उनके नेताओं के लिए चुनावों में ईमानदार एवं साफ-सुथरी छवि की राजनीति का सवाल महत्त्वहीन क्यों हो गया? यही कारण है कि पिछले कई सालों से राजधानी दिल्ली में नई एवं ईमारदार राजनीति की शुरूआत की बाट जोहते लोगों को निराशा ही हाथ लगी है। बढ़ते राजनीतिक अपराधी तत्वों के हौसलों ने दिल्ली की जनता को परेशानियों के लम्बे सदमें दिये हैं।

> **सभी राजनीतिक दल अपना नफा-नुकसान देखते हैं, कोई भी दल लोकतंत्र की मजबूती की बात नहीं करता है। भाजपा से निपटने की रणनीति बनाने की सुगबुगाहट सभी विपक्षी दलों में दिखाई देती है लेकिन राजनीतिक अपराधों को समाप्त करने की तैयारी कहीं नहीं है। यह कैसी राजनीति है? यह कैसा लोकतंत्र है?**

दिल्ली की जनता को आप पर बहुत ज्यादा भरोसा रहा है कि यह पार्टी लोगों की उम्मीद पर खरी उतरते हुए राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त कर एक नया सवेरा देंगी। लेकिन ऐसा लगता है कि लगभग सभी पार्टियों की तरह आप ने यह मान लिया है कि राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों के बिना काम नहीं चल सकता। वरना क्या वजह है कि ईमानदार और प्रतिबद्ध आम लोगों से लेकर कार्यकताओं तक की एक लम्बी श्रृंखला होने के बावजूद आप पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को जनता का प्रतिनिधि चुने जाने के लिए स्वच्छ छवि को एक अनिवार्य शर्त बनाना जरूरी नहीं लगता? क्यों लोकतंत्र को भ्रष्टाचार एवं अपराधमुक्त करने के नजरिये से देखने का साहस वह नहीं कर पा रही है। राजनीतिक शुद्धीकरण का नारा लगाने वाले केजरीवाल को तो इसी के बल पर ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। फिर आप के नेताओं पर अपराध के आरोप क्यों लग रहे हैं? क्यों उसके मंत्री जेल की सलाखों के पीछे हैं? आप के इतने मंत्री आरोपी क्यों है? राजनीति का शुद्धीकरण होता क्यों नहीं दिखाई दे रहा? यह कैसा लोकतंत्र है जिसमें एक अपराधी सजा पाने या भ्रष्टाचार के आरोपों में लिप्त होने के बाद भी हीरो बना रहता है?

सभी राजनीतिक दल अपना नफा-नुकसान देखते हैं, कोई भी दल लोकतंत्र की मजबूती की बात नहीं करता है। भाजपा से निपटने की रणनीति बनाने की सुगबुगाहट सभी विपक्षी दलों में दिखाई देती है लेकिन राजनीतिक अपराधों को समाप्त करने की तैयारी कहीं नहीं है। यह कैसी राजनीति है? यह कैसा लोकतंत्र है? पिछले सात सालों में जिस तरह दिल्ली की राजनीति का अपराधीकरण हुआ है और जिस तरह दिल्ली में आपराधिक तत्वों की ताकत बढ़ी है, वह लोकतंत्र में हमारी आस्था को कमजोर बनाने वाली बात है। राजनीतिक दलों द्वारा अपराधियों को शह देना, जनता द्वारा वोट देकर उन्हें स्वीकृति और सम्मान देना और फिर उनके अपराधों से पर्दा उठना, उन पर कानूनी कार्यवाही होना-ऐसी विसंगतिपूर्ण प्रक्रियाएं हैं जो न केवल राजनीतिक दलों को बल्कि समूची लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को शर्मसार करती हैं। आज कर्तव्य से ऊंचा कद कुर्सी का हो गया। जनता के हितों से ज्यादा वजनी निजी स्वार्थ बन गया। राजनीतिक-मूल्य ऐसे नाजुक मोड़ पर आकर खड़े हो गए कि सभी का पैर फिसल सकता है और कभी लोकतंत्र अपाहिज हो सकता है।

विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के सदस्य, वहां के मंत्रियों एवं विशेषतः आप एवं उसके मंत्रियों पर भी गंभीर आपराधिक मामलें हैं, फिर भी वे सत्ता सुख भोग रहे हैं। इस तरह का चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। हमारी बन चुकी मानसिकता में आचरण की पैदा हुई बुराइयों ने पूरे राजनीतिक तंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारे समाज में घर कर चुकी है। यह रोग मानव की वृत्ति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर व्यक्ति लोक के बजाए स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है।

नैतिकता की मांग है कि अपने राजनीतिक वर्चस्व-ताकत-स्वार्थ अथवा धन के लालच के लिए हकदार का, गुणवंत का, श्रेष्ठता का हक नहीं छीना जाए, अपराधों को जायज नहीं ठहराया जाये। वे नेता क्या जनता को सही न्याय और अधिकार दिलाएंगे जो खुद अपराधों के नए मुखौटे पहने अदालतों के कटघरों में खड़े हैं। वे क्या देश में गरीब जनता की चिंता मिटाएंगे जिन्हें अपनी सत्ता बनाए रखने की चिंताओं से उबरने की भी फुरसत नहीं है। आज व्यक्ति बौना हो रहा है, परछाइयां बड़ी हो रही हैं। अन्धेरों से तो हम अवश्य निकल जाएंगे क्योंकि अंधेरों के बाद प्रकाश आता है। पर व्यवस्थाओं का और राष्ट्र संचालन में जो अन्धापन है वह निश्चित ही गढ्ढे में गिराने की ओर अग्रसर है। अब हमें गढ्ढे में नहीं गिरना है, एक सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करना है।

सहजीवन की अंधी सुरंग

हृदय नारायण दीक्षित

विवाह और सहजीवन (लिव इन) पर चर्चा हो रही है। वह भी विवाह पर कम और सहजीवन पर ज्यादा। वैसे विवाह में सहजीवन होता है। विवाह रहित कोरा सहजीवन या लिव इन अधूरा है। इस सहजीवन में कोई बंधन नहीं। यह स्वच्छंद है। सामान्य आकर्षण का कड़वा परिणाम है। आकर्षण का आधार रूप होता है। रूप अस्थाई होता है। आपस में कुछ आश्वासन, यथार्थ से दूर कोरी कल्पनाएं। न बैंड, न बाजा, न बरात। न माता-पिता के आशीष। न वरिष्ठों का शुभकामना प्रसाद। न सामाजिक समर्थन। न मंगल गीत-न उपहार। दो और सिर्फ दो का संवाद और सहजीवन की अंधी सुरंग में प्रवेश। यह उत्तर आधुनिकता का नशा है। कई अभिनेत्रियों ने लिव इन में फंस कर आत्महत्या भी की थी। सम्प्रति श्रद्धा हत्याकांड चर्चा में है। अपराधी और अपराध की चर्चा ज्यादा है। इसके मूल कारण की तरफ लोगों का ध्यान नहीं है। कटे अंग पुलिस खोज रही है। ऐसी घटनाएं सामान्य हो रही हैं। लेकिन अब भी सहजीवन के मूलभूत कारण और परिणाम की विवेचना नदारद है। विवाह की भारतीय परंपरा का जिक्र तक नहीं होता। कथित प्रगतिशील तत्व प्राचीन परंपराओं के निंदक हैं। बेशक प्राचीनता पर विचार और पुनर्विचार चलते रहना चाहिए लेकिन पुराने और नए के औचित्य की समीक्षा भी अनिवार्य है। लिव इन के परिणाम भयावह हैं। ऐसी रक्तरंजित जानलेवा आधुनिकता से जल्दी छुटकारा पाना होगा। हिन्दू जीवन रचना में विवाह संस्कार है। भारत की विवाह संस्था वैदिक काल से भी प्राचीन है। विवाह के बिना व्यक्ति अधूरा है। विवाह से ही व्यक्ति पति बनता है। पिता बनता है। स्त्री भी विवाह से ही माता बनती है। माता पिता होने के लिए संतान जरूरी है। भारतीय जनमानस की श्रद्धा हैं माता पिता। वे तैत्तिरीय उपनिषद में 'मातृ देवो भव/पितृ देवो भव' कहे गए हैं। माता पिता की श्रेष्ठता भारत के मन में बहुत गहरी हैं। पृथ्वी सबको धारण करती हैं। आकाश सबसे ऊंचा है, शब्द गुण का धारक है। इसलिए पृथ्वी माता और आकाश पिता हैं। तैत्तिरीय ब्राह्मण के अनुसार मनुष्य तीन ऋण लेकर जन्म लेता है - देवऋण, ऋषिऋण और पितृऋण। पितृऋण उतारने के लिए विवाह और संतान आवश्यक है। वैदिक समाज में अविवाहित को यज्ञ का अधिकारी नहीं माना गया। कुछ वामपंथी वैदिक समाज को स्वेच्छारी बताते हैं। उन्हें ऋग्वेद में विवाह संस्कार की सघन उपस्थिति नहीं दिखाई पड़ती। सहस्त्रों वर्ष प्राचीन ऋग्वेद (10-85) में विवाह का सुन्दर वर्णन है। यहाँ सूर्य की पुत्री सूर्या के विवाह पर सूक्त हैं। वैदिक ऋषियों के कथन व चित्रण वर्णन की अपनी शैली है। वे लोक से सामग्री लेते हैं। देवों के साथ जोड़ते हैं। सूर्या को ही देखिए। ऋषि के काव्य सृजन में सूर्या सूर्य देव की पुत्री हैं। आधुनिक काल के विवाह में कन्या की सखियां साथ रहती हैं। ऋग्वेद के अनुसार सूर्या के विवाह में ऋचाएं (काव्य) सखियां थीं। गीत गाथा उसके सुन्दर वस्त्र थे।' विवाह वैसे भी मंगल अनुष्ठान है। ऋषि का वर्णन आह्लादकारी है।

सूर्या के विवाह की गाथा पढ़ते हुए रोमांच होता है - काश हम भी उस विवाह के निमंत्रण में होते। ऋषि कहते हैं, 'मन उसका रथ था। आकाश रथ का चक्र था।' मन का रथ होना मनोरथ है। विवाह पूर्व कन्या पितृकुल में रहती है और विवाह के बाद पतिकुल में हो जाती है। ऋषि कहते हैं, 'हे कन्या आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं। पतिकुल से जोड़ते हैं।' इन्द्र बड़े देवता हैं। उनसे प्रार्थना है कि यह कन्या सौभाग्यवती हो, पुत्रवती हो।' वैदिक काल के विवाह में वरिष्ठ जनों से परामर्श की भी परंपरा थी। इन्द्र सहित सभी देवताओं से विवाह के अवसर पर आशीष मांगे जाते थे। हिन्दू परंपरा में विवाह महत्वपूर्ण संस्कार है। ऋग्वेद के एक मंत्र में अग्नि से स्तुति है 'आप 33 प्रमुख देवों को पत्नियों सहित यज्ञ में लाएं।' यहां प्रमुख 33 देव विवाहित हैं। मंगल कार्यों में पत्नियों सहित आहूत होते हैं। आधुनिक काल के विवाह में भी प्राचीन विवाह के अनेक साक्ष्य देखे जा सकते हैं। विवाह मण्डप में दोनों पक्षों के विद्वान पुरोहित बैठते हैं। पुरोहित ऋषि परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। विवाह में वर वधू अग्नि के सात फेरें लेते हैं। अग्नि वैदिक देवता हैं। वे विवाह के प्रभावी साक्षी हैं। इसे देव साक्ष्य कह सकते हैं। दोनों पक्षों में आमंत्रित अतिथि भी विवाह में हिस्सा लेते हैं। दोनों को आशीष देते हैं। विवाह के इस संस्कार में गीत संगीत आतिशबाजी आदि लोक साक्ष्य हैं। प्रमुख रूप से विवाह के तीन साक्ष्य दिखाई पड़ते हैं। देव साक्ष्य, ऋषि साक्ष्य और लोक साक्ष्य। इस्लामी परंपरा में विवाह एक अनुबंध है। भारतीय परंपरा में सामूहिक सामाजिक उपस्थिति का संस्कार है। विवाह पवित्र बंधन है। विवाह समाज गठन का आधार है। विवाह से परिवार संस्था बनती है। परिवारों के योग से समाज बनता है। परिवार प्रेमपूर्ण इकाई है। इसीलिए भारतीय चिंतन में वसुधैव कुटुंबकम की अनुभूति है।

भारतीय विवाह का अनुष्ठान ध्यान देने योग्य है। ऋग्वेद में इस अवसर पर वर कन्या से कहता है, 'मैं सौभाग्य वृद्धि के लिए आपका हाथ ग्रहण करता हूँ - सौभगत्वाय हस्तंगमया। इसीलिए विवाह को प्राणिग्रहण संस्कार भी कहते हैं। देव शक्तियां दीघार्यु के लिए आशीर्वाद देती हैं, 'इसके पति दीघार्यु हों। सौ शरद जिएं। इस दंपत्ति को शत्रु और रोग पीड़ित न करें।ह्व ऋग्वेद के इसी सूक्त के सुन्दर मंत्र में कहते हैं, 'हे कन्या तुम सास ससुर ननद और देवरों की साम्राज्ञी बनों।' यह मंत्र तत्कालीन समाज में स्त्रियों की स्थिति का संकेत हैं। यहां कन्या के लिए शासनकर्ता होने का आशीष है। वैदिक काल को पिछड़ा और स्त्री की कमतर स्थिति वाला बताने वाले विद्वानों के लिए यह मंत्र सूक्त पठनीय है। यहां नववधू सेविका नहीं साम्राज्ञी है। विवाह में सप्तपदी का अनुष्ठान भी भाव प्रवण है। वर कन्या से कहता है- हम आपके सुख और दुख में बराबर के भागीदार रहेंगे। मैं आपके सारे सपने पूरा करूंगा। केवल एक जन्म नहीं सात जन्म तक साथ साथ रहने सुख दुख में भागीदार रहने का संकल्प है। सात की संख्या रोचक है। प्रकाश की किरणों में सात रंग होते हैं। संगीत में सात सुर होते हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। आकाश में सप्त ऋषि उगते हैं। वैदिक आर्यों का प्रिय स्थान सप्त सिंधु है। सात नदियों वाला क्षेत्र। वैसे वर कन्या का योग दो होता है। लेकिन दार्शनिक स्तर पर दोनों मिलकर एक हो जाते हैं। दोनों का मन अग्नि देव मिलाते हैं। ऋग्वेद में पति पत्नी के लिए साझा शब्द है दम्पत्ति। स्त्री पुरुष को एक साथ व्यक्त करने के लिए दम्पति जैसा शब्द अन्य भाषाओं में नहीं है। ऋग्वैदिक दर्शन के अनुसार पहले धरती और आकाश भी मिले हुए थे। तब दोनों का साझा नाम 'रोदसी' था। माना जाता है कि मरुदगणों ने दोनों को अलग अलग किया। वैदिक विवाह परंपरा में वर कन्या दो होकर भी एक हैं। लिव इन या सहजीवन में ऐसी मान्यता और संस्कार नहीं हैं। दुनिया के समाज विज्ञानी भारतीय विवाहों के स्थायित्व को लेकर विस्मय में रहते हैं। कुछ तो ऐसा है जो भारतीय विवाहों को स्थाई बनाता है। इसका मूल हिन्दुत्व के संस्कार हैं।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

भाजपा सरकारें कर रहीं शैक्षणिक संस्थानों की साम्प्रदायिक सफाई

प्रकाश करात

नई शिक्षा नीति के माध्यम से मोदी सरकार के लक्ष्यों में से एक भारत की प्राचीन ज्ञान प्रणालियों पर तथा मूल्य-आधारित शिक्षा की आड़ में शैक्षिक प्रणाली का सांप्रदायिकीकरण करना है। लेकिन इस भगवाकरण अभियान का नतीजा अल्पसंख्यक मुस्लिम शिक्षकों और छात्रों को निशाना बनाना है। यह भाजपा शासित राज्यों में आधिकारिक रूप से प्रायोजित है जो इससे भी स्पष्ट है कि कैसे कर्नाटक में सरकार द्वारा संचालित इंटर-कॉलेजों में हिजाब पहनने वाली छात्राओं को प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया। गवर्नमेंट न्यू लॉ कॉलेज इंदौर और कुछ अन्य जगहों में हाल के दिनों में जो कुछ हुआ है, वह इस बात की ओर इशारा करता है कि समाज में उत्पन्न की गई गहरी सांप्रदायिकता और ध्रुवीकरण अब शिक्षा व्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। सबसे बुरी घटना इंदौर के गवर्नमेंट न्यू लॉ कॉलेज में हुई है जिसे केवल शिक्षण संकाय में मुसलमानों की सांप्रदायिक सफाई कहा जा सकता है। कॉलेज में आरएसएस से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई ने कथित तौर पर 'कॉलेज के चार मुस्लिम शिक्षकों द्वारा प्रचारित किये जा रहे धार्मिक कट्टरपंथी विचार' के खिलाफ विरोध शुरू कर दिया। उन्होंने कॉलेज में 'मुस्लिमों की उच्च संख्या' संकाय सदस्यों पर भी सवाल उठाया। दरअसल, 28 शिक्षकों में से चार ही मुसलमान हैं।

एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष द्वारा सौंपे गये एक ज्ञापन में मुस्लिम शिक्षकों पर 'परिसर के अंदर मुस्लिम और इस्लामी संस्कृति को बढ़ावा देने' का आरोप लगाया गया था। उन पर 'लव जिहाद' को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया गया था, इस बेतुके दावे के साथ कि ये शिक्षक महिला छात्रों को रेस्तरां और पब में ले गये। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर इनामुर रहमान, जो एक मुस्लिम भी हैं, ने चार मुस्लिम शिक्षकों और दो अन्य जिनके खिलाफ भी शिकायत की गई थी, को पांच दिनों के लिए उनके शिक्षण कर्तव्यों से हटाकर एक सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश द्वारा पूरे मामले की जांच का निर्णय किया। इस कार्रवाई से एबीवीपी को संतुष्टि नहीं मिली। संगठन के छात्रों ने फिर नये आरोप लगाये। उन्होंने प्रिंसिपल पर कॉलेज की लाइब्रेरी में डॉक्टर फरहत खान द्वारा लिखित 'कलेक्टिव वायलंस एंड क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम' (सामूहिक हिंसा और आपराधिक न्याय प्रणाली) नामक किताब रखने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि पुस्तक में आरएसएस और हिंदू समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां हैं। हालांकि प्रिंसिपल ने स्पष्ट किया कि यह पुस्तक 2014 में पुस्तकालय द्वारा अधिग्रहित की गई थी, उनके 2019 में प्रधानाध्यापक का पद संभालने से बहुत पहले। फिर भी प्रदर्शनकारियों ने उन्हें निशाना बनाया और अपना विरोध जारी रखा, जिसके कारण अंततः उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। गौरतलब है कि एबीवीपी के छात्रों की शिकायतों और आंदोलन का राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने समर्थन किया था, जिन्होंने पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया था। स्थानीय पुलिस ने प्रिंसिपल, एक अन्य शिक्षक मिर्जा मोजीज और पुस्तक के लेखक और प्रकाशक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें धारा 153 ए (दो समूहों के खिलाफ दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 295ए(जानबूझकर एक समूह की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के लिए दुर्भावना से कार्य करना) शामिल हैं। पुलिस लेखक डॉ. फरहत खान को गिरफ्तार करने के लिए उनकी तलाश कर रही है और पूर्व प्राचार्य सहित अन्य तीन का अनुसरण कर सकते हैं क्योंकि जिला अदालत ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। इस प्रकार कुछ ही दिनों में प्रधानाध्यापक सहित सभी मुस्लिम शिक्षकों को प्रभावी ढंग से संकाय में उनके पदों से हटा दिया गया है और यह राज्य सरकार की मौन स्वीकृति के साथ पूरा किया गया है। एबीवीपी इकाई द्वारा की गई शिकायतों के आधार पर उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा धार्मिक उग्रवाद और इसी तरह के आरोपों की जांच के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। भाजपा शासित मध्य प्रदेश में अल्पसंख्यक शिक्षकों को निशाना बनाये जाने के अन्य उदाहरण भी रहे हैं। विदिशा के एक स्कूल की मुस्लिम प्रिंसिपल शाइना फिरदौस को इस साल अक्टूबर में बजरंग दल के सदस्यों द्वारा उनके खिलाफ कई आरोप लगाने के बाद हटा दिया गया था। एक अन्य मामले में गुना जिले के एक अन्य ईसाई मिशनरी स्कूल में, दो शिक्षकों-जस्टिन और जैस्मिना खातून-पर एक छात्र द्वारा कुछ कथित शिकायत पर आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

अन्य राज्यों में भी मुस्लिम छात्रों या शिक्षकों के खिलाफ कट्टरता सामने आई है। हाल ही में, कर्नाटक में मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक मुस्लिम छात्र को 'कसाब जैसा नामइ रखने के लिए शिक्षक द्वारा निशाना बनाया गया और उसका मजाक उड़ाया गया। राजस्थान के बाड़मेर में एक सरकारी कॉलेज की एक कक्षा में एक शिक्षक ने एकमात्र मुस्लिम छात्रा को घेर लिया और उस पर भद्दी-भद्दी मुस्लिम विरोधी टिप्पणियां कीं। छात्रा द्वारा शिकायत करने के बावजूद संबंधित शिक्षक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

कोर्ट-कचहरी से धोती-रुमाल तक

डॉ. सुरेश कुमार

वह क्या है न कि देश में अन्याय चप्पे-चप्पे पर मिल जाता है और न्याय सदी में एक बार। यहाँ चार सेकंड में एक बच्चा जन्म लेता है और पाँचवें सेकंड में अपराध। इस हिसाब से कोर्ट-कचहरी का कम पड़ना स्वाभाविक है। गरीब किसान का मामला था। गरीब किसान के पास तीन हुनर बड़े गजब के होते हैं। एक उधारी लेकर किसानी करना, दो हर किसी के सामने हाथ जोड़े माई-बाप करना और तीन आपदा के समय आत्महत्या करने का जिगरा पालना। शायद ही दुनिया में ऐसा कोई देश होगा जहाँ का किसान ऐसा कर सकता हो। इसीलिए यूँ ही हमारा देश महान नहीं कहलाता। वह महान कहलाता है ऐसे किसानों के चलते। बहरहाल बात चल रही थी जज के फैसले के बारे में। किसान बड़ी आस के साथ जज के सामने हाथ जोड़े खड़ा था। जज ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए गरीब किसान के पक्ष में न्याय दिया। किसान को भी लगा कि सदियों में एक बार ऐसी अजीबोगरीब घटना जरूर घटती है। सो आज वह घटना घटी। जज ने कहा, दो बीघा जमीन तुम्हारी है। इसे गैर कानूनी ढंग से कब्जाया गया था। मैं फैसला सुनाता हूँ कि तुम्हारी जमीन तुम्हें दी जाए। गरीब किसान की खुशी का कोई ठिकाना न था। ठिकाना इसलिए नहीं था कि वह अपनी जमीन को अपनी जमीन कहलवाने के लिए न जाने कितने ठिकानों की धूल फाँक चुका था। अपने पक्ष में फैसला सुनकर फटी कमीज, झुकी कमर, बूढे बाल और हसरतों का पुलिंदा कहलाने वाले किसान ने कहा झ माई-बाप! आज आपने यह विश्वास दिला दिया कि अभी न्याय मरा नहीं है।

फटाफट खबरें

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना ने थानों का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

उन्नाव । पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना द्वारा थाना गंगाघाट का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की प्रविष्टियों को जांचा गया। इसके उपरान्त थाना परिसर का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक गंगाघाट को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात एसपी ने थाना अचलगंज का भी औचक निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय में अभिलेखों/रजिस्टरों में प्रविष्टियों की जांच की गई एवं प्रभारी निरीक्षक अचलगंज को आवश्यक निर्देश दिये गये।

घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

उन्नाव । उन्नाव जिले में अकवाबाद गांव में युवक का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों ने आवाज लगाई। जवाब न मिलने पर दरवाजा खोला तो शव लटका मिला। अकवाबाद गांव निवासी शमशेर सिंह (48) अविवाहित थे। वह डेढ़ बीघा खेती कर अपना काम चलाते थे।साइकिल घर के बाहर खड़ी थी। दरवाजा बंद था। रोजाना की तरह वह पड़ोस में जलने वाले अलाव को तापने नहीं आए तो पड़ोसियों ने आवाज लगाई। लेकिन जब कोई नहीं बोला तो दरवाजा खोलकर अंदर बुलाने पहुंच गए। रस्सी से फंदे पर शव लटका देख कुछ दूरी पर रहने वाले मृतक के भाईयों को सूचना दी।इंदेमऊ चौकी इंचार्ज भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की। मृतक के बड़े भाई हनुमान सिंह ने बताया कि शमशेर ने विवाह नहीं किया था। वह अलग रहता था। तीन भाईयों में सबसे छोटा था। कोई आरोप न होने पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चौकी इंचार्ज अबू मो. कासिम ने बताया कि कोई आरोप नहीं है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।फोटो-

सरकारी भूमि के नवनिर्माण को तत्काल ढहायें: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने थाना पहाडी में थाना सभागार दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर कहा कि जनसुनवाई में आई समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। शनिवार को थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने कहा कि शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण बाबत समस्याग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक लिया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये। लेखपाल व कानूनगो को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत सिकरिया कर्वी में जो सरकारी भूमि पर नवनिर्माण हो रहा है, उसे तत्काल धारा 67 के तहत गिराया जाये। ग्राम पंचायत सकरौली कर्वी में रास्ते को लेकर लेखपाल व थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि संयुक्त टीम बनाकर तत्काल रास्ता खुलवायें। डीएम-एसपी ने कहा कि भूमि संबंधी मामले में पुलिस व राजस्व टीम मौके पर जाकर निस्तारण करायें। तहसीलदार को निर्देश दिये कि चकबन्दी की शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाये। थाना समाधान दिवस में तहसीलदार संजय अग्रहरि, थानाध्यक्ष रामसिंह, नायब तहसीलदार संजय सिंह, चकबन्दी अधिकारी आनन्द सिंह समेत कानूनगो, लेखपाल मौजूद रहे।

टीएसआई ने जागरूकता पम्पलेट बांटकर किया चालान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की टीम ने शहर में दो व चारपहिया वाहनों की जांचकर ई-पेन्डिंग चालान किया। शनिवार को जिला मुख्यालय में सीओ यातायात एसपी सोनकर की देखरेख में टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने वाहनों की जांचकर बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट, ओवरलोड सवारी, ओवर स्पीड, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट देखा। वाहन चालकों से वाहन चलाते समय हेडफोन या मोबाइल फोन प्रयोग न करने की जानकारी दी। जांच दौरान माल वाहक वाहन भी देखे। सवारी मिलने पर ई-पेन्डिंग चालान किया। यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने यातायात जागरूकता पम्पलेट भी बांटे। वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने, हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की राय दी। टीएसआई की टीम ने बेडीपुलिया चैराहे पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की ब्रेथ एनलाइजर से जांच की। टीएसआई ने वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने के प्रति जागरूक कर धीमी गति से वाहन चलाने के प्रति निर्देशित किया।

विश्व मानवाधिकार दिवस पर सम्मानित हुए 35 छात्र-छात्रा

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। महामति प्राणनाथ महाविद्यालय के सभागार में विश्व मानवाधिकार दिवस पर प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष शिवचरणलाल रस्तोगी ने सडक सुरक्षा अभियान को लेकर महाविद्यालय स्तर व जिला स्तर तथा मंडलीय स्तर एवं विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले 35 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की।

शनिवार को महामति प्राणनाथ महाविद्यालय सभागार में प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष शिवचरणलाल रस्तोगी, प्रबंधक सुन्दरलाल सुमन, प्रबंध कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य विष्णुशरण पुजारी, प्राचार्य डॉ संतोष कुमार चतुर्वेदी, सूबेदार मेजर श्यामबाबू द्विवेदी, सेवानिवृत्त सैनिक इन्द्रेश त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह पटेल, रिंकू रस्तोगी, अरुण कुमार मिश्र, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक अरविन्द कुमार यादव, बालकृष्ण विश्वकर्मा, अजय कुमार द्विवेदी व महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक/संचालक डॉ एस कुरील ने क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले 35 छात्र-छात्राओं में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व प्रोत्साहन राशि बांटी। कार्यक्रम की शुरूवात सरस्वती वन्दना से छात्रा तुलसी देवी, हिमांशी, प्रीती देवी ने स्वागत गीत पेशकर किया। छात्रा हेमा मिश्रा, सुचेता सिंह, साक्षी द्विवेदी ने स्वागत गीत पेश किया। प्राध्यापक डॉ एस कुरील ने कहा कि विश्व में दस दिसम्बर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। एसएम श्यामबाबू द्विवेदी ने देश के प्रति कर्तव्य निर्वहन की जिम्मेदारी का एहसास कराया। विष्णुशरण पुजारी ने कहा कि छात्र का अधिकार व कर्तव्य पहले समझें, क्योंकि विद्यार्थियों के कंधे पर ही देश का भार है। प्रबंधक सुन्दरलाल सुमन ने कहा कि भारत सीमा में लगे तिब्बत की आजादी को भारत के लोग लगे हैं। मऊ के समाजसेवी राजेन्द्र सिंह पटेल व व्यापारी रिंकू रस्तोगी ने बच्चों के हर कार्य में सहयोग देने की बात कही। छात्रा आम्रपाली त्रिपाठी, कृतिका शुक्ला, कृतिका मिश्रा, दुर्गेश त्रिपाठी ने राष्ट्रगीत पेश किया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली विजेता मांशी मिश्रा, शेख खुशनुमा, रोशनी देवी समेत 35 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व प्रोत्साहन राशि बांटी गई। अंत में प्राचार्य डॉ संतोष कुमार चतुर्वेदी ने मौजूद सभी लोगों के प्रति आभार जताया।

अफसरों ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर परखी हकीकत: उन्नाव निकाय चुनाव की चल रही तैयारियां

कई बूथों का किया गया निरीक्षण

उन्नाव: उन्नाव जनपद में निकायों के वार्ड और अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण जारी कर दिया गया है। हालांकि अभी चुनावों की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन तैयारियां चल रही हैं। इसी क्रम में अफसरों ने बूथों का दौरा का जायजा लिया। जिन्होंने ग्रामीण मतदान केंद्रों की स्थिति पर गौर किया। मतदान केंद्रों पर अफसरों ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ होने वाले चुनाव के साथ ही आपराधिक प्रवृत्तियों के लोगों के बारे में जानकारी ली है।

अपर जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने थानाध्यक्ष आसीवन अनुराग सिंह थाना क्षेत्र के हैदराबाद, रसूलाबाद के मतदान केंद्रों में कई बूथों का निरीक्षण किया। जिन्होंने मतदान केंद्रों और बूथों की भौगोलिक स्थिति, आसपास की आबादी, बूथों पर मौजूद मूलभूत सुविधाओं समेत अन्य जानकारियों को जुटाया।

मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी लगाने के निर्देश

बूथ पर बिजली, पानी शौचालय आदि के बारे में भी जानकारी पुख्ता की गई। साथ ही बूथों की श्रेणी को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। एडीएम ने कहा कि मतदान केंद्र पर एक साथ मतदाताओं की भीड़ एकत्रित न हो, इसका पूरा इंतजाम किया जाए। इसके लिए जिन केंद्रों पर ज्यादा कमरे हैं, वहां एक कमरा छोड़कर बूथ बनाया जाए। ताकि किसी प्रकार की दिक्कत न हो। जिन मतदान केंद्रों पर पहले से सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

साफ-सफाई व्यवस्था रहे पुख्ता

एएसपी ने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इसके लिए साफ-सफाई व्यवस्था पुख्ता रहे। मतदान केंद्रों पर शौचालय, पीने का पानी, रैप और बिजली की व्यवस्था पर्याप्त होनी चाहिए। इसमें किसी तरह की लापरवाही न हो। महिला और पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग की जाए।

20 को भारत जोडो यात्रा का कांग्रेसी करेंगे जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में भारत जोडो यात्रा की तैयारियों बाबत हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव अखिलेश शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोडो यात्रा चल रही है। शनिवार को बुन्देलखण्ड-कानपुर जोन के प्रान्तीय अध्यक्ष अनिल यादव की अगुवाई में भारत जोडो यात्रा की शुरूवात कानपुर से हुई है। यात्रा चित्रकूट में बीस दिसम्बर को आयेगी। सभी कांग्रेसियों को ज्यादा से ज्यादा तादाद में हिस्सा लेना है। निकाय चुनाव की तैयारी पूरी करें। इस बार कांग्रेस पूरी ताकत से निकाय चुनाव लडेगी। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि जिले के कांग्रेसी पूरी ताकत से प्रान्तीय भारत जोडो यात्रा का स्वागत करेंगे। सभी को जिम्मेदारी बांटी गई है। सभी कांग्रेसी एकजुट होकर कांग्रेस के हाथों को मजबूत करेंगे। बैठक में रंजनाबरातीलाल पाण्डेय, निर्मला भारती, कालीचरन राजपूत, बुआराम शुक्ला, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, भगवानदीन समदरिया, जगजाहिर पटेल, शिवशंकर खंगार, राजकुमार गर्ग, विजयमणि त्रिपाठी, धीरेन्द्र त्रिपाठी, महेन्द्र सिंह, गुरुदीन दुबे, राजनारायण यादव, चुनबाद प्रसाद, शिवगुलाम वर्मा, कुलदीप मिश्रा, कृष्णराज पटेल, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रशान्त गुप्ता, राममिलन कुशवाहा, संगीता कुशवाहा, सुमन विश्वकर्मा, वीर सिंह, लक्ष्मी वर्मा, मानवेन्द्र पटेल आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

बांगरमऊ में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

भाजपा प्रत्याशियों को विजय दिलाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी -जिला अध्यक्ष भाजपा उन्नाव अवधेश कटियार

अखंड भारत संदेश

बांगरमऊ उन्नाव । बांगरमऊ हरदोई रोड पर निजी आवास पर भाजपा कार्यकताओं की बैठक की गई और हर कार्यकर्ता को डोर टू डोर जाकर सरकार की उपलब्धियां बताते हुए मिल रहें योजनाओं का लाभ तथा सरकार की नीतियां और प्रत्याशियों के बारे में लोगों को बताने के लिए कहा गया। हर कार्यकर्ता यह समझ कर चले कि वह स्वयं चुनाव लड रहा है। पूरी लगन के साथ भाजपा प्रत्याशियों को विजय बनाना ही लक्ष्य रहे हमारा। जिला अध्यक्ष भाजपा अवधेश कटियार ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उनका हौसला अफजाई किया। और कहा कार्यकताओं को पूरी मेहनत से अपने प्रत्याशी को जीत दिलाना ही हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। यह जिम्मेदारी आप सभी लोगों की भी है।

डीएम ने धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण कर केन्द्र प्रभारी को निलम्बित करने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने विपणन शाखा धान क्रय केन्द्र पहाडी मंडी का निरीक्षण कर केन्द्र प्रभारी विनय कुमार मिश्रा से केन्द्र में बैनर एवं वाल पेंटिंग समेत सभी धान क्रय उपकरण की बाबत पूंछा। सभी कुछ मौजूद मिलने पर खतौनी व पंजीयन रजिस्टर देखा।

शनिवार को डीएम अभिषेक आनन्द को केन्द्र प्रभारी विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि नौ दिसम्बर तक 17 किसानों से 108.16 मैट्रिक टन धान खरीदा गया है। धान खरीद को 12500 नये बोरे तथा दो हजार उपयोगी बोरे मिले। क्रय केन्द्र में मौजूद किसान रामनरेश पाण्डेय जमहित के धान की तौल हो रही थी। मिल को अभी धान नहीं भेजा गया। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि धान मिलों पर भिजवायें। रजिस्टर में बिक्री करने वाले किसानों का पता व मोबाइल नम्बर दर्ज करें। किसानों का नम्बर एवं टोकन रजिस्टर के अनुसार धान खरीद करें। किसी भी किसान को समुचित कारण के बिना केन्द्र से न लौटायें। खाद्य एवं विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झां को निर्देश दिये कि केन्द्र प्रभारी के धान खरीद में रुचि नहीं ली जा रही, उसे निलम्बित करें। जिलाधिकारी ने पीसीएफ धान क्रय केन्द्र पहाडी उत्तरी का निरीक्षण किया। केन्द्र प्रभारी शिवशंकर यादव के केन्द्र पर धान खरीद नहीं हो रही थी। केन्द्र में पिछले दो-तीन दिनों से खरीद न होने पर नौ दिसम्बर तक कुल तीन किसानों से 21.50 मैट्रिक टन धान खरीदा गया है। टोकन रजिस्टर में 27 किसानों ने धान विक्रय को नम्बर लगाया है। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि किसानों से सम्पर्क कर तेजी से धान की खरीद करें। जिलाधिकारी ने किसानों से बातचीत कर बकाया भुगतान की जानकारी ली। निरीक्षण में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झां व किसान बन्धु मौजूद रहे।

जिला बदर अपराधी को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को पहाडी थानाध्यक्ष रामसिंह की अगुवाई में दरोगा रविकान्त राय की टीम ने जिला बदर अपराधी बुद्धन उर्फ बुद्धराज पुत्र शिवपूजन निवासी मीर का पुरवा मजरा कलवारा को गिरफ्तार किया है।

उन्नाव में 72 घंटे चली इनकम टैक्स छापेमारी, वापस लौटी टीम कई अहम दस्तावेजों को ले गई साथ

अखंड भारत संदेश

उन्नाव । रहमान ग्रुप का उन्नाव के मंगरवारा क्षेत्र में संचालित एक रहमान शू फैक्ट्री मे 72 घंटे इनकम टैक्स की छापेमारी चली है। आठ वाहनों से आई करीब बीस सदस्यीय टीम वापस लखनऊ मुख्यालय लौट गई है। सूत्रों के मुताबिक टीम कंपनी से जुड़े बैंक एकाउंट, डिप्टी चैयरमैन, एचआर, मैनेजर व एकाउंट अफसर के बैंक डिटेल को खंगालने के साथ ही डिटेल लेकर साथ गई है।इसके अलावा श्रमिकों के भुगतान का रिकॉर्ड, टर्न ओवर समेत अन्य रिकॉर्ड को भी कब्जे में लिया है। फैक्ट्री में छापेमारी पर टैक्स चोरी होने की भी बात सामने आई, हालांकि इसकी पुष्टि किसी ने नहीं की। करीब 72 घंटे से अधिक चली जांच के दौरान आईटी के अधिकारी एक मोटी फाइल बनाकर ले गई है। जीएम, एचआर मैनेजर व एकाउंट अफसर के लैपटॉप की हार्ड डिस्क का डाटा भी ट्रांसफर करके ले गए हैं।अहम साक्ष्यों की फाइल साथ ले गई

इसके अलावा जांच में कुछ अन्य खातों की भी जानकारी सामने आई है। वहीं ग्रुप से जुड़े लोगों व रिश्तेदारों के बैंक एकाउंट से करोड़ों का लेनदेन किए जाने के साक्ष्य जांच टीम को मिलने का दावा किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक रहमान ग्रुप पर टैक्स को लेकर बड़ी चोरी की जा रही थी। जो आईटी के राडार पर रहे हैं। आईटी टीम कंपनी के लेनदेन से जुड़े कई अहम साक्ष्यों की फाइल साथ ले गई है। फिलहाल टीम रवाना होने के बाद मगरवारा के औद्योगिक क्षेत्र में बनी अन्य कंपनियों के मालिकों में राहत मिली है, लेकिन खतरा उन पर भी मंडरा रहा है।

पहले दही थाना क्षेत्र में चली थी छापेमारी

इनकम टैक्स की टीम ने दही थाना क्षेत्र में पिछले माह एक स्लॉटर हाउस में छापेमारी की थी, करीब 87 घंटे लगातार छापेमारी के बाद टीम स्लॉटर हाउस से अहम साक्ष्य और टाटा अपने साथ ले गई थी स्लाटर हाउस में भी टैक्स की बड़ी चोरी होने की बात सामने आई थी।

व्यापारियों का उत्पीडन बन्द न होने पर सपा करेगी आन्दोलन: अनुज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पिछले एक सप्ताह से जिले के व्यापारियों को जीएसटी व इनकम टैक्स विभाग से हो रहे उत्पीडन को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव व सदर विधायक अनिल प्रधान की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेताया कि व्यापारियों का उत्पीडन बन्द न होने पर सपा आन्दोलन को बाध्य होगी।

शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव व सदर विधायक अनिल प्रधान की अगुवाई में सपाइयों ने कलेक्टेज्ट जाकर जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि पिछले एक सप्ताह से जिले के सम्मानित व्यापारी भाइयों को जीएसटी व इनकम टैक्स विभाग की ओर से प्रताडित किया जा रहा है। व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर व्यापारियों को नाहक परेशान किया जा रहा है। परेशान व्यापारी अपनी दुकानें बन्दकर घर में बैठे हैं। ऐसे में व्यापारियों की भारी क्षति हो रही है। व्यापारियों को क्षति से बचाने को सपाइयों ने चेताया कि जल्द व्यापारियों का उत्पीडन बन्द न हुआ तो समाजवादी पार्टी आन्दोलन को बाध्य होगी।

ज्ञापन देने में प्रतिनिधि मंडल के साथ फराज खान, मान सिंह पटेल, पप्पू जायसवाल, सुभाष पटेल, आशुतोष अग्रहरि, विनोद जायसवाल, जर्नादन पटेल, हिमांशु गुप्ता आदि शामिल रहे।

पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, दो युवकों की मौत

बागपत। जिले के बिनौली थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़सैनी स्थित पेट्रोल पंप के निकट तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर गन्ने के खेत में गिरी। हादसे में कार में सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में घायल चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने शवों को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम गोठरा निवासी 27 वर्षीय धीरेंद्र पुत्र रामपाल व 28 वर्षीय गौतम पुत्र दीपचंद और दिल्ली के वाजिदपुर निवासी गौरव पुत्र मनोज शनिवार सुबह कार में सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में ग्राम कैड़वा गए थे। दोपहर करीब तीन बजे लौटते समय पुरा महादेव-अमीनगर सराय संपर्क मार्ग पर ग्राम बुढ़सैनी के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो अचानक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई।

अमेरिका ने भारतीय समेत दो व्यक्तियों पर लगाया प्रतिबंध, उत्तर कोरिया के लिए काम करने का आरोप

वाशिंगटन। अमेरिका ने उत्तर कोरिया सरकार की एनीमेशन स्टूडियो को सामग्री सहायता प्रदान करने और उसके लिए कार्य करने को लेकर एक भारतीय नागरिक सहित दो व्यक्तियों और सात संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर दुनिया भर में भ्रष्टाचार और मानवाधिकारों के हनन के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने के अपने कार्यों के तहत यह कार्रवाई की। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमेरिका ने उत्तर कोरिया सरकार द्वारा संचालित एनिमेशन स्टूडियो, एसईके स्टूडियो को सामग्री सहायता प्रदान करने, उसकी ओर से कार्य करने या उसके स्वामित्व में होने के कारण दो व्यक्तियों और सात संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए हैं। जिन दो व्यक्तियों पर प्रतिबंध पर लगाया गया है, उनमें भारत के

दीपक सुभाष जाधव और फ्रांस में रहने वाले किम म्योंग चोल शामिल हैं। अमेरिका के ट्रेजरी विभाग के मुताबिक, जाधव भारत में फनसागा पीटीई लिमिटेड के निदेशक हैं। उन्होंने क्वांझोउ यियांग्जिन इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कंपनी और यानचेंग थ्री लाइन वन पॉइंट एनिमेशन कंपनी को भुगतान प्रदान करते हुए एक एनीमेशन प्रोजेक्ट के लिए एसईके के साथ अनुबंध किया है। बयान में कहा गया है कि जाधव को एसईके को या उसके समर्थन में सहायता, वित्तीय सहायता या तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

इन कंपनियों को किया गया प्रतिबंधित

अमेरिका ने हांगकांग स्थित एवरलास्टिंग एम्पायर लिमिटेड, तियान फांग (हांगकांग) होल्डिंग लिमिटेड, चीन की फुजियान नानन इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट कंपनी, रूस की सीमित देयता कंपनी किनोआटिस, सिंगापुर स्थित फनसागा पीटीई लिमिटेड, चीन स्थित यानचेंग थ्री लाइन वन पॉइंट एनिमेशन कंपनी लिमिटेड और क्वांझोउ यियांग्जिन इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट लिमिटेड कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है।

'आतंकी फायदा उठाते हैं', प्रतिबंध झेल रहे देशों को मानवीय सहायता देने के प्रस्ताव से भारत ने बनाई दूरी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक और प्रस्ताव से भारत ने दूरी बना ली है। दरअसल, सुरक्षा परिषद में अमेरिका और आयरलैंड की ओर से प्रतिबंधित किए गए देशों में मानवीय सहायता की छूट देने का प्रस्ताव पास किया गया था। इस प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान भारत ने यह कहते हुए दूरी बना ली कि भारत के पड़ोसी देश के अलावा ब्लैकलिस्ट किए गए आतंकवादी संगठन इस तरह की छूट का फायदा फंडिंग और सदस्यों की भर्ती के लिए उठा सकते हैं।

क्या कहा गया है प्रस्ताव में?

प्रस्ताव में कहा गया है कि किसी भी देश की मानवीय सहायता के समय फंड व अन्य वित्तीय संपत्तियों के अलावा वस्तुओं और सेवाओं का भुगतान आवश्यक है और यह संयुक्त राष्ट्र

सुरक्षा परिषद द्वारा लगाए गए प्रतिबंध समिति ओर संपत्ति फ्रीज का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

भारत ने क्या कहा?

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि इस प्रस्ताव को लेकर हमारी चिंताएं हैं। उन्होंने कहा, आतंकवादी संगठन इस तरह की छूट का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोसी देश में आतंकवादी संगठनों के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें इस परिषद द्वारा ब्लैकलिस्ट किए गए आतंकवादी संगठन भी शामिल हैं, जिन्होंने इस तरह के प्रतिबंधों से बचने के लिए खुद को मानवीय संगठनों और नागरिक समाज संगठन के रूप में पेश किया है। भारत ने इस दौरान प्रस्ताव को लेकर सावधानी बरतने का भी आह्वान किया।

15 में 14 देशों ने पक्ष में किया मतदान

मानवीय सहायता की छूट वाले प्रस्ताव पर 15 में से 14 देशों ने पक्ष में मतदान किया। सिर्फ भारत ही ऐसा देश था, जिसने प्रस्ताव का विरोध किया। पेश हुए इस प्रस्ताव पर अमेरिका ने कहा कि यह प्रस्ताव अनगिनत लोगों के जीवन बचाएगा।

तिब्बत में मानवाधिकारों का उल्लंघन, अमेरिका ने चीन के दो अधिकारियों पर लगाया प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने तिब्बत में गंभीर मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर दो वरिष्ठ चीनी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें तिब्बत में चीन के प्रमुख अधिकारी रहे वू यिंगजी और हिमालय क्षेत्र में चीन के पुलिस प्रमुख झांग होंगबो शामिल हैं। इन पर यातना और कैदियों की हत्या और जबरन नसबंदी जैसे अपराधों में शामिल होने का आरोप है। वू यिंगजी 2016 से 2021 तक तिब्बत में प्रमुख चीनी अधिकारी थे। प्रतिबंधों के तहत अमेरिका ने दोनों चीनी अधिकारियों के लिए किसी भी अमेरिकी संपत्ति और आपराधिक लेनदेन को रोक दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक बयान में कहा कि इन कार्रवाइयों का उद्देश्य तिब्बती स्वायत्त क्षेत्र में चीन के धार्मिक अल्पसंख्यक समूह के सदस्यों की जबरन हिरासत और शारीरिक शोषण को बाधित करना और रोकना है।

यिंगजी ने तिब्बत में मानवाधिकार हनन की नीति लागू

वहीं, अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने एक बयान में कहा कि वू यिंगजी ने तिब्बत में गंभीर मानवाधिकारों के हनन की नीति लागू की थी, जिसमें असाधारण हत्याएं, शारीरिक शोषण,

मनमानी गिरफ्तारी और सामूहिक हिरासत शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि वू के कार्यकाल के दौरान अन्य अपराधों में जबरन नसबंदी, जबरन गर्भपात, धार्मिक और राजनीतिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध और कैदियों की यातना शामिल हैं। जबकि झांग तिब्बत क्षेत्र में हिरासत केंद्र चलाकर कैदियों को प्रताड़ित करने और उनकी हत्या करने व अन्य गंभीर अपराधों में शामिल हैं। बता दें, पिछले महीने बाली में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग से मुलाकात की थी और दोनों नेता बातचीत को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए थे। लेकिन नए प्रतिबंधों की घोषणा अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होने के बावजूद की गई है।

रूस ने मौत के सौदागर विक्टर बाउट के बदले अमेरिका की बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी को छोड़ा

वाशिंगटन। अमेरिका की बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्राइनर को रूस ने रिहा कर दिया है। इसके बदले में रूस के हथियार व्यापारी विक्टर बाउट को अमेरिका ने रिहा किया है। रूसी जेल में बंद अमेरिकी नागरिक पाल व्हीलन को रिहा कराने में अमेरिका फिलहाल विफल रहा। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि ब्रिटनी सुरक्षित हैं। वह विमान में हैं और अपने घर जा रही हैं।

बाइडन ने यह बात व्हाइट हाउस में ब्रिटनी की पत्नी कैरेल के साथ मीडिया से बातचीत में कही। उल्लेखनीय है कि ब्रिटनी समलैंगिक हैं। यह बात उन्होंने 2013 में एक साक्षात्कार में सार्वजनिक की थी। ये रिहाई यूक्रेन युद्ध के दौरान ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और रूस अप्रत्यक्ष रूप से एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। बंदियों की इस अदला-बदली से यह बात भी साबित हुई है कि दोनों महाशक्तियों के बीच पर्दे के पीछे बातचीत जारी है। यह स्थिति विश्व शांति के लिए अच्छे संकेत हैं।

ब्रिटनी दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। उनकी गिरफ्तारी रूस में नशीला पदार्थ लेकर जाने पर हुई थी। बाद में अमेरिका ने कहा था कि रूस में जिसे नशीला पदार्थ माना जाता है उस पर अमेरिका और कई अन्य देशों में प्रतिबंध नहीं है। इस कारण ब्रिटनी गलतफहमी में उक्त पदार्थ लेकर रूस पहुंच गई थीं। ब्रिटनी करीब आठ महीने रूसी कारागार में रहीं। बाइडन प्रशासन ने बदले में बदनाम हथियार व्यापारी बाउट को रिहा किया है। बाउट को एक समय मौत का सौदागर भी कहा जाता था।

चुनाव से पहले बांग्लादेश में तेज हुई राजनीति, 14 साल से सत्ता से बाहर बीएनपी ने निकाली मेगा रैली

ढाका। 14 साल से सत्ता से बाहर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने गोलाबाग मैदान में एक विशाल रैली का आयोजन किया। हजारों की संख्या में बीएनपी कार्यकर्ता और समर्थक आम चुनाव से पहले शक्ति प्रदर्शन की मंशा से एकत्र हुए। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी ढाका में एक कड़ी सुरक्षा क्षेत्र स्थापित किया गया है। पुलिस का कहना है कि उन्होंने रैली स्थल के आसपास सुरक्षा के कई स्तर बनाए हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, रैली के आसपास केंद्रित नया पल्टन इलाके में पुलिस और बीएनपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इस संघर्ष में मकबूल हुसैन नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाद में 1,000 से अधिक बीएनपी कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर सहित कई वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। ढाका की एक अदालत ने उन्हें तोड़फोड़ के एक मामले में जेल भेज दिया है।सशस्त्र पुलिस बटालियन, रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी), अंसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के सदस्यों और अन्य संगठनों के खुफिया कर्मियों सहित लगभग 30,000 कानून प्रवर्तन अधिकारी ड्यूटी पर हैं। पुलिस और गुप्तचर सूत्रों ने कहा कि उन्हें हिंसा और क्षति के सभी कृत्यों को समाप्त करने का आदेश दिया गया है। आरएबी हेलिकॉप्टर से शहर की पुलिसिंग भी कर रहा है।

इस साल दुनिया भर में 67 पत्रकार हुए हिंसा का शिकार

ब्रसेल्स (बेल्जियम)। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (आईएफजे) की ताजा रिपोर्ट ने दुनियाभर के पत्रकारों की चिंता बढ़ा दी है। आईएफजे की इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्वभर में इस साल अब तक 67 पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे जा चुके हैं। पिछले साल यह संख्या 47 थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन-रूस युद्ध, हैती में अराजकता और मेक्सिको में आपराधिक समूहों की बढ़ती हिंसा ने 2022 में कई पत्रकारों की जान ली। आतंकी हिंसा का शिकार बन रहे पत्रकारों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है।

फेडरेशन ने रिपोर्ट में कहा है कि मीडियाकर्मियों पर दबाव बनाने के लिए उनको जेलों में बंद

किया जा रहा है।हांगकांग, म्यांमार और तुर्की सहित चीन में पत्रकारों पर सबसे ज्यादा अत्याचार की घटनाएं देखने को मिली है। पिछले साल की रिपोर्ट में 365 पत्रकारों को सलाखों के पीछे डाला गया है।

इस पत्रकार संगठन ने कहा है कि इस वर्ष किसी भी अन्य देश की तुलना में यूक्रेन में युद्ध को कवर करने वाले मीडियाकर्मी अधिक मारे गए हैं। अधिकांश यूक्रेनी पत्रकारों की मौत हुई है। इनमें अमेरिकी वृत्तचित्र फिल्म निर्माता ब्रेंट रेनॉड भी शामिल हैं।

आईएफजे और अन्य मीडिया अधिकार समूहों ने विभिन्न देशों की सरकारों से पत्रकारों की सुरक्षा और मुक्त पत्रकारिता के लिए अधिक ठोस कार्रवाई करने का आह्वान किया है।

सैनिक शासन को सख्त संदेश: अमेरिका ने कम किया म्यांमार का राजनयिक दर्जा

वाशिंगटन। म्यांमार के सैनिक शासन को अमेरिका की ओर से सख्त संदेश दिया गया है। अमेरिका ने म्यांमार के साथ अपने राजनयिक संबंधों का दर्जा कम कर दिया है। इसके अंतर्गत यंगून स्थित अमेरिकी राजदूत थॉमस वाजदा को लौटने को कह दिया गया है।

म्यांमार में एक फरवरी, 2021 को सेना ने निर्वाचित प्रतिनिधियों का तख्ता पलट कर सत्ता खुद संभाल ली थी। अमेरिका ने इसके बाद म्यांमार पर कई प्रतिबंध लगाए थे। इसके पहले 1990 के दशक में जब सेना ने निर्वाचित प्रतिनिधियों को जेल में डाल कर सत्ता पर कब्जा जमाया, तब 20 वर्ष तक अमेरिका ने म्यांमार के लिए राजदूत की नियुक्ति नहीं की थी। 2010 में जब म्यांमार में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल की गई, तब अमेरिका ने वहां अपना राजदूत भेजा था। एक बार फिर म्यांमार में सैन्य शासन के चलते अमेरिका ने वहां राजनयिक दर्जे

में कमी की है। थॉमस वाजदा जनवरी 2021 में राजदूत बन कर वहां गए थे। उसके कुछ ही दिन के बाद आम चुनाव में विजयी हुई आंग सान सू ची की पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी का तख्ता पलट कर सेना ने सत्ता पर कब्जा जमा लिया। उसके बाद से पश्चिमी देश यहां अपना राजदूत भेजने को लेकर अनिच्छुक रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया कि थॉमस वाजदा को हटाए जाने के बाद अब म्यांमार में नए पूर्णकालिक राजदूत की नियुक्ति नहीं की जाएगी। अब वहां मौजूद दूसरे नंबर के अधिकारी, डिप्टी चीफ ऑफ मिशन डेबॉराह लिन उनकी जिम्मेदारियां संभालेंगे।

विश्लेषकों का मानना है कि इस फैसले के माध्यम से अमेरिकी प्रशासन ने म्यांमार की मौजूदा सरकार को मान्यता न देने का संदेश दिया है। हालांकि म्यांमार के सैनिक शासन ने 2023 में आम चुनाव कराने का ऐलान किया है।

अमेरिका इस बात की निगरानी करेगा कि वे चुनाव किस तरह कराए जाते हैं। उसके बाद ही वह म्यांमार के बारे में अपना अगला रुख तय करेगा। फिलहाल अमेरिका ने आशंका जताई है कि मौजूदा माहौल में म्यांमार में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। अमेरिका के पहले जर्मनी, इटली, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और दक्षिण कोरिया भी म्यांमार से राजनयिक संबंधों का अपना दर्जा गिरा चुके हैं। राजनयिक सूत्रों के मुताबिक यूरोपीय देशों में आपसी सहमति बनी है कि वे यंगून में अपने दूतावास बनाए रखेंगे लेकिन अपने राजदूत म्यांमार नहीं भेजेंगे।

शी जिनपिंग का चीन की सेना पर पूर्ण नियंत्रण

बीजिंग (चीन)। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस में तीसरे कार्यकाल की कमान हासिल करने के बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सेना पर पूर्ण नियंत्रण और वफादारी सुनिश्चित कर ली है। द हॉन्गकॉन्ग पोस्ट ने अपनी विश्लेषणात्मक रिपोर्ट में भरोसे के साथ यह दावा किया है ।

इस रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने यह सुनिश्चित किया है कि सशस्त्र बल युद्ध शुरू करने की दक्षता पर अपनी ऊर्जा केंद्रित करने की तैयारी करें। जीतने की अपनी क्षमता को मजबूत करें और नए युग में सेना के मिशन और कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करें। द हॉन्गकॉन्ग पोस्ट के अनुसार राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सेना का राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा करने का आह्वान किया है।

हाल ही में, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त ऑपरेशन कमांड सेंटर का निरीक्षण किया था। यहां यह संकेत मिला कि नया केंद्रीय सैन्य मिशन चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस की भावना के अनुसार काम करेगा। नया केंद्रीय सैन्य मिशन प्रशिक्षण और तैयारी को बढ़ावा देगा।

एयर इंडिया में बदलाव के बाद बोइंग से 150 विमान खरीदेगी टाटा

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र की एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया में इन दिनों कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। टाटा समूह के हाथ में आते ही एयर इंडिया को वर्ल्ड क्लास फ्लाइट बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। फ्लाइट के मेकओवर के बाद टाटा समूह ने एयर इंडिया के लिए नये विमानों को खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि एयर इंडिया ने 150 नये विमानों को खरीदने की तैयारी कर ली है, जिसमें 150 बोइंग, 737 मैक्स जेट खरीदने के लिए बोइंग कंपनी के साथ डील करने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक टाटा समूह ने लगभग 150, 737 मैक्स विमानों के लिए ऑर्डर दिया है। कंपनी इस डील के बहुत करीब पहुंच गई है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

भारत में होने वाली समिट में पुतिन के आने की संभावना प्रबल, इस साल बाली में हुए सम्मेलन से बनाई थी दूरी

मास्को। भारत में होने वाली जी20 समिट में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पहुंचने की प्रबल संभावनाएं हैं। जी20 शेरपा स्वेतलाना लुकाश ने बताया कि सितंबर, 2023 में होने वाली इस समिट में पुतिन भाग ले सकते हैं। अगला जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है।



बता दें, इससे पहले बाली में हुए इस सम्मेलन से रूसी राष्ट्रपति ने दूरी बना ली थी। उन्होंने अपने विदेश मंत्री को बाली भेजा था। दरअसल, जी20 देशों की अध्यक्षता अब भारत कर रहा है। इससे पहले अध्यक्षता इंडोनेशिया के पास थी।

विकासशील देशों के एंजेंडे पर होगा काम

जी-20 का कोई स्थायी सचिवालय नहीं है। हर साल समूह का एक सदस्य इसकी अध्यक्षता ग्रहण करता है। यह पहली बार है कि जी-20 की अध्यक्षता की तिकड़ी (ट्राइको) में तीन विकासशील देश शामिल हैं। भारत से पहले इंडोनेशिया इसका अध्यक्ष था, समूह की अध्यक्षता भारत से ब्राजील और फिर दक्षिण अफ्रीका के पास जाएगी। इस तरह 2025 तक विकासशील देशों के एजेंडे पर ही जी20 काम करेगा।

जी-20 समूह में ये देश हैं शामिल

जी-20 देशों के समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

पाकिस्तान को झटका: ईरान में भारत के बनाए चाबहार पोर्ट को तालिबान का समर्थन

काबुल। अफगानिस्तान के साथ भारत के रिश्तों को लेकर परेशान पाकिस्तान को तालिबान से जोरदार झटका लगा है। तालिबान ने ईरान में भारत द्वारा बनाए गए चाबहार पोर्ट को समर्थन का एलान किया है।

उत्तर दक्षिण अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई को रूस की राजधानी मास्को से जोड़ता है और यह ईरान तथा अजरबैजान से होकर जाता है। भारत ईरान के चाबहार में बंदरगाह विकसित कर रहा है। इसके पहले चरण पर काम चल रहा है। ईरान के चाबहार पोर्ट के विकास पर भारत 8.5 करोड़ डॉलर का निवेश कर रहा है। इस पोर्ट के साथ भारत ने मध्य एशिया के देशों से सीधे संपर्क जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

ईरान के इस पोर्ट का इस्तेमाल अफगानिस्तान को मदद भेजने में होता है, इसलिए पाकिस्तान बार-बार दबाव बना रहा था। अब अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान ने

पाकिस्तान सरकार को बड़ा झटका दिया है। तालिबान सरकार ने व्यापार के लिए ईरान में भारत के बनाए चाबहार पोर्ट के इस्तेमाल का समर्थन किया है। यही नहीं तालिबानी सरकार ने यह भी कहा है कि वह इस दिशा में सभी 'सुविधाएं' देने के लिए तैयार है। तालिबानी विदेश मंत्रालय ने चाबहार पोर्ट को उत्तर-दक्षिण अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर में शामिल किए जाने का 'स्वागत' किया है। तालिबान के बयान में कहा गया है कि वह इस संबंध में सभी जरूरी सुरक्षा और सुविधाएं देने के लिए तैयार है। तालिबान ने चाबहार पोर्ट पर यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब वह चाहता है कि अफगानिस्तान के आधारभूत ढांचे के पुर्ननिर्माण के लिए भारतीय निवेश फिर से शुरू हो सके। तालिबान ने भारत से यह भी आह्वान किया है कि वह नए काबुल शहर के निर्माण में मदद करे।

भारत ने हाल ही में चाबहार पोर्ट के लिए छह मोबाइल हार्बर क्रेन दिए हैं, जिनकी क्षमता 140 टन तक है। इसके अलावा 2.5 करोड़ डॉलर के अन्य उपकरण भी दिए गए हैं। इस बंदरगाह का पहले भी इस्तेमाल अफगानिस्तान को मानवीय मदद भेजने के लिए किया जा चुका है। साल 2020 में भारत ने चाबहार पोर्ट के जरिए 75 हजार मीट्रिक टन गेहूं मानवीय मदद के रूप में अफगानिस्तान को भेजा था। दिसंबर 2018 में भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड ने पूरे पोर्ट का कार्यभार संभाल लिया था। चाबहार पोर्ट से 215 मालवाहक जहाजों और 40 लाख टन सामान को एक जगह से दूसरी जगह पर भेजा जा चुका है।